


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



रूमेटाइड अर्थराइटिसः जानिए इस...8





दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

बुधवार, 22 फरवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण www.budhakasandesh.com वर्षः 10 अंकः 63 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 सम्पादक : राजेश शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## गोलीबारी, बम धमाको से त्रस्त था नागालैंड

### अमित शाह बोले-पीएम मोदी के नेतृत्व में शांति के साथ विकास के रास्ते पर बढ़ रहा



नई दिल्ली। नागालैंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा पूरी तैयारी में जुटी हुई है। नागालैंड में भाजपा अपना दमखम लगा रही है। इन सब के बीच केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने आज नागालैंड में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने साफ तौर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नागालैंड शांति के साथ विकास के रास्ते पर बढ़ रहा है। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि मैं आज यहां पर 2014 के पहले के नागालैंड की याद दिलाना चाहता हूं, गोलीबारी, बम धमाको से नागालैंड त्रस्त था। मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद शांति समझौता साइन करके नागा शांति वार्ता को आगे बढ़ाया। आज नागालैंड विकास की दिशा में आगे बढ़ा है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि चुनाव से पहले ईएनपीओ ने पूर्वी नगालैंड के लोगों की समस्याओं को उठाते हुए चुनावों के बहिष्कार का आह्वान किया था। हमने ईएनपीओ के साथ चर्चा की है और समझौता अपने अंतिम चरण में है। मैं वादा करता हूं कि चुनाव के बाद पूर्वी नगालैंड के सभी मुद्दे सुलझा लिए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नागालैंड की इस धरती पर आप सभी ने मेरा पारंपरिक तरीके से स्वागत किया, इसके लिए मैं आप सभी का धन्यवाद करता हूं। मैं आज नागालैंड के सभी लोगों से अपील करना चाहता हूं कि अपनी भाषा को महत्व दीजिए और बच्चों को अच्छे तरीके से सिखाइए। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी ने पिछले 9 साल में क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए कई फैसले लिए हैं।

शाह ने कहा कि मोदी के फैसलों की वजह से हिंसक घटनाओं में 70ः की कमी आई है, सुरक्षा कर्मियों के हताहत होने में 60ः की कमी आई है, और क्षेत्र को सुरक्षित बनाने वाले नागरिक मौतों में 83ः की कमी आई है। उन्होंने कहा कि हमने जनजातियों के लिए बजटीय आवंटन 2014 में 21,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2023 में 86,000 करोड़ रुपये कर दिया है। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करके हमने नागालैंड सहित 13 क्षेत्रों में फैली 100 से अधिक विकासात्मक परियोजनाओं को अंतिम रूप दिया है।

## नागालैंड में मल्लिकार्जुन खड़गे ने किए कई बड़े वादे, कहा- 20 वर्षो से एनडीपीपी, एनपीएफ और बीजेपी ने राज्य को लूटा है



नई दिल्ली। नागालैंड विधानसभा चुनाव को लेकर अब राजनीतिक पारा जबरदस्त तरीके से चढ़ा हुआ है। आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी नागालैंड में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने नागालैंड में कई बड़े वादे किए और भाजपा तथा उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधा। अपने संबोधन में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से एनडीपीपी, एनपीएफ और बीजेपी ने नागालैंड को लूटा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि लोगों को न्याय मिले और ऐसी सरकार हो जो लोगों के लिए काम करे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पूर्वी नागालैंड क्षेत्र के लिए कई उपायों का वादा किया है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने के बाद 3000 रुपये प्रति माह वृद्धावस्था पेंशन, शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 33ः आरक्षण देगी। साथ ही साथ जॉब कार्ड धारकों को मनरेगा के तहत 100ः मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। खड़गे ने आके बताया कि 0ः ब्याज पर उच्च शिक्षा के लिए ऋण मिलेगा और स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता का इंतजाम करेंगे। भाजपा पर हमला करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी जानते हैं कि सत्ता में बैठे लोगों द्वारा एक बड़ा घोटाला किया गया था, बीजेपी ने स्थिति का लाभ उठाया और सरकार को रातों–रात पलट दिया। उन्होंने कहा कि नागालैंड के लोगों को ठगा महसूस हुआ और ब्ड को ब्लैकमेल कर भाजपा ने सरकार बनाई।

### 2024 में दुरबीन से भी ढूंढने पर नहीं मिलेगी कांग्रेस

गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने कहा कि भाजपा–एनडीपीपी सरकार लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। विपक्ष पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नॉर्थ ईस्ट के साथ–साथ देश में भी हाशिये पर चली गई है। यह सब राहुल गांधी के नेतृत्व में हुआ है। राहुल गांधी के कांग्रेस की कमान संभालने के बाद से ही पार्टी के नेताओं के व्यवहार में तल्खी आने लगी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जिस प्रकार की भाषा प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए इस्तेमाल की गई है, जनता इसे देख चुकी है। 2024 में कांग्रेस पार्टी दुरबीन से भी ढूंढने पर नहीं मिलेगी। देश की जनता इसका हिसाब बैलेट बॉक्स के माध्यम से करेगी।

## भिवानी कांड के आरोपी मोनू मानेसर को बताया हिंदू गौरव और बेकसूर, जानें मामले का ताजा हाल



चंडीगढ़। हरियाणा के भिवानी जिले में एक वाहन से राजस्थान के 25 वर्षीय नासिर और 35 वर्षीय जुनैद के जले हुए शव बरामद हुए थे। इस मामले के आरोपी मोनू मानेसर के खिलाफ मामला दर्ज हो चुका है। इसी बीच मोनू के समर्थन में मानेसर में प्रदर्शन हो रहा है। आरोपी मोनू के समर्थन में मानेसर में पंचायत बैठाई गई है। इस मामले में गांववालों का कहना है कि मोनू ने दोनों आरोपियों की हत्या नहीं की है। उसका दोनों की हत्या से कोई संबंध नहीं है। इस मामले में मोनू बेकसूर है और उसे पूरी तरह से फंसाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मानेसर में पंचायत के दौरान मोनू को गौरक्षक और हिंदू गौरव बताया गया है। वहीं पंचायत के आयोजन के दौरान मोनू के समर्थकों ने कहा कि अगर पुलिस ने इस मामले में मोनू के घर किसी भी तरह की छापेमारी की तो इसका अंजाम पुलिस को भुगतना होगा। पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा गया कि अगर पुलिस किसी तरह का एक्शन लेती है तो वो अपने पांव पर लौट नहीं सकेगी। पंचायत के कारण मानेसर हाईवे भी जाम हो चुका है। समर्थकों का कहना है कि मोनू गोरक्षक है, जिसने कई प्रयासों से इलाके में गोतस्करी पर रोक लगाने में मदद की है। मामले में उसे फंसाया जा रहा है। इस मामले में मोनू के समर्थन और मदद के लिए पंचायत ने फंड बनाने का ऐलान किया है ताकि इसका उपयोग कानूनी लड़ाई में हो सके।

### पीड़ित महिला को मिले न्याय

वहीं इस मामले में अन्य आरोपी श्रीकांत पंडित की पत्नी से राजस्थान पुलिस द्वारा कथित तौर पर की गई मारपीट के मामले में विश्व हिंदू परिषद ने भी हमला बोला है। इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की गई है। विश्व हिंदू परिषद की तरफ से अब 22 फरवरी को पलवल जिले में महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन श्रीकांत पंडित की पत्नी व परिजनों से मिलने उनके घर गए। उन्होंने परिवार को सुरक्षा देने और राजस्थान पुलिस पर धारा 312 लगाए जाने की मांग हरियाणा पुलिस से की है। गौरतलब है कि विश्व हिंदू परिषद इस मामले को पहले ही सीबीआई जांच कराने की मांग कर चुका है। परिषद का कहना है कि न्याय के लिए वो हर स्तर पर आवाज उठाएंगे। निर्दोषों को फंसाने की साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। बता दें कि भिवानी कांड में आरोपी मोनू मानेसर अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफल नहीं हुई है।

## शांति काल के दौरान एलएसी पर हुई अब तक की सबसे बड़ी ऐतिहासिक सैन्यबलों की तैनाती, चीन मुद्दे पर खुलकर बोले जयशंकर



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत में आज चीन सीमा पर शांति के समय की सबसे बड़ी तैनाती है और यह पीएम मोदी थे जिन्होंने सेना भेजी थी, राहुल गांधी ने नहीं। उनकी यह टिप्पणी तवांग में चीनी सेना के साथ झड़प पर सरकार द्वारा चर्चा से इनकार करने के मुद्दे पर संसद में विपक्ष के विरोध के बीच सामने आई है। सामाचर एजेंसी एएनआई से बात करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पीएम मोदी ने एलएसी पर सेना की सबसे बड़ी टीम तैनात की है। एसजयशंकर से जब पूछा गया कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी अक्सर ये सवाल उठाते रहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या फिर विदेश मंत्री कभी भी चीन का नाम नहीं लेना चाहते हैं। इसके जवाब में एस जयशंकर ने कहा कि एलएसी पर भारतीय सेना को किसने भेजा। जयशंकर ने सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या राहुल गांधी ने भेजा? जयशंकर ने कहा कि हमने इतिहास में सबसे बड़ी पीस टाइम सैन्य तैनाती बॉर्डर पर की है। जयशंकर ने तंज कसते हुए अपने ही अंदाज में कहा कि प्लजी इसे नोट करें, चीन और इसकी स्पेलिंग को बोल कर मजाकिया लहजे में बताया। न्यूज एजेंसी ।छप् के साथ बातचीत में विदेश मंत्री ने कांग्रेस, जॉर्ज सोरोस से लेकर विदेशी मीडिया पर भी निशाना साधा। जब उनसे पूछा गया कि कांग्रेस कहती है कि न तो आप और नही पीएम नरेंद्र मोदी चीन की बात करते हैं।

## यूपी पर्यटन विभाग के उप निदेशक ने मुंबई में की आत्महत्या

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के उप निदेशक के रूप में कार्यरत एक व्यक्ति की मंगलवार को मुंबई के तिलक नगर में एक इमारत की दूसरी मंजिल से कूदने के बाद मौत हो गई। मृतक की पहचान विमलेश कुमार औदिच्य के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक औडिच्या ने मुंबई के तिलक नगर स्थित तारा गगन आवासीय परिसर की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। उसे राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने फैसला सुनाया कि ऊंचाई से गिरने से लगी गंभीर चोटों के कारण औदिच्य की मौत हो गई। औदिच्य की पत्नी से पूछताछ करने पर उसने पुलिस को बताया कि औदच्य उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग में कार्यरत है। उन्हें पिछले साल लखनऊ में पर्यटन विभाग के उप निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और बाद में मुंबई स्थानांतरित कर दिया गया था।

## सीबीआई ने एफसीआई भ्रष्टाचार मामले में पंजाब में 30 स्थानों पर छापे मारे




नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने व्यापारियों और चावल मिल मालिकों को लाभ पहुंचाने के लिए घटिया अनाज खरीदने वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के सिलसिले में मंगलवार को पंजाब में 30 स्थानों पर छापेमारी शुरू की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीबीआई की टीमों ने ऑपरेशन कनक 2 के तहत सरहिंद, फतेहपुर साहिब और मोंगा सहित पंजाब के कई जिलों में अनाज व्यापारियों, चावल मिल मालिकों और एफसीआई के सेवारत व सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिसरों पर छापे मारे। एफसीआई में अधिकारियों के एक संगठित समूह से संबंधित प्राथमिकी के सिलसिले में दूसरी बार छापे मारे गए हैं। आरोप है कि इस समूह ने निजी मिल मालिकों द्वारा आपूर्ति किए गए कम गुणवत्ता वाले अनाज और अन्य फायदों पर पर्दा डालते हुए प्रति फसल सीजन एफसीआई गोदामों में उतारे गए प्रति ट्रक पर 1000–4000 रुपये रिश्वत ली।

## State legislatures सहित हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और अधिक होनी चाहिएः राष्ट्रपति मुर्मू



ईटानगर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि देश के समग्र और समावेशी विकास के लिए राज्यों की विधानसभाओं, जन–प्रतिनिधित्व की अन्य संस्थाओं सहित हर कार्य क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और अधिक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन और मर्यादा संसदीय प्रणाली की पहचान हैं तथा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि चर्चा की सामग्री एवं गुणवत्ता उच्चतम स्तर की हो। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, "अरुणाचल प्रदेश की विधानसभा सहित सभी राज्यों की विधानसभाओं तथा जन–प्रतिनिधित्व की अन्य संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए। मेरा मानना है कि हमारे देश के समग्र और समावेशी विकास के लिए हर कार्य क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और अधिक होनी चाहिए।" उन्होंने कहा, "अनुशासन और मर्यादा संसदीय प्रणाली की पहचान हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चर्चा की सामग्री और गुणवत्ता उच्चतम स्तर की हो। साथ ही हमें विकास और जन–कल्याण के मुद्दों पर आम सहमति बनाने की जरूरत है।" राष्ट्रपति ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश की संस्कृति, विविधता और प्राकृतिक सुंदरता, इस राज्य को भारत में एक विशेष स्थान प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश अरुणाचल प्रदेश की ओर यहां की क्षमता तथा यहां के लोगों की उपलब्धियों के कारण नई दृष्टि से देख रहा है। मुर्मू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में देश में 'प्रकृति के प्रथम कटोरे' के रूप में उभरने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि यह राज्य 'खासी मंदारिन' संतरे और कीवी उत्पादन में पहले स्थान पर है जबकि बड़ी इलायची के उत्पादन में इसका देश में दूसरा स्थान है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल की इस धरती पर सदियों से स्व–शासन और जमीनी लोकतंत्र की एक जीवंत प्रणाली विद्यमान है।






## मेघालय में पायलट ने सरकार बनाने का किया दावा

### भाजपा से पूछाः सत्ता में थे तो क्या किया?



नई दिल्ली। मेघालय में विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार राजनीतिक दलों के बीच वार–पलटवार का दौर चल रहा है। मेघालय में विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में तमाम राजनीतिक दल वहां प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। इन सबके बीच कांग्रेस मेघालय में दम दिखाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस के लिए सचिन पायलट आज मेघालय में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा और कहा कि वे आज यहां वादे कर रहे हैं, लेकिन पिछले 8 सालों से केंद्र में और यहां 5 सालों से सत्ता में थे, तो क्या किया है? इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि भले ही भाजपा से संसाधनों में मुकाबला नहीं कर सकते हैं। लेकिन मतदाताओं और समर्थकों का हमारे साथ हमेशा से आशीर्वाद रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि हमारे पास भाजपा की बराबरी करने के लिए संसाधन नहीं हो सकते हैं, लेकिन हमारे पास लोगों की इच्छा, समर्थन और मतदाताओं का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम बहुत अच्छा करेंगे और अगली सरकार जो बनेगी वह कांग्रेस की होगी। मेघालय के शिलांग में सचिन पायलट ने रहा कि भविष्य के लिए खाली वादों के अलावा वे (भाजपा) क्या पेशकश कर रहे हैं? जब वे दिल्ली में 8 साल और यहां 5 साल सत्ता में थे तो उन्होंने क्या किया? इसके साथ ही उन्होंने पूछा कि आपके सहयोगियों को क्या हो गया है कि आप 5 साल से सत्ता साझा कर रहे थे और अचानक एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं? इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने आरोप लगाया कि मेघालय में लंबे समय तक शासन करने वाले दो परिवारों ने राज्य के लिए कुछ नहीं किया और गरीबों पर खर्च की जाने वाली राशि से अपनी तिजोरियां भर ली। शाह ने वेस्ट गारो हिल्स के दालु प्रखंड में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि समय आ गया है कि मेघालय को इन दो परिवारों से मुक्त किया जाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता में लाया जाए। उन्होंने कहा, वर्षों से, दो परिवारों ने मेघालय में राज किया है।

# विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक की हुई थी मौत

## मां की तहरीर पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मिल्कीपुर–अयोध्या । खेत में विद्युत करंट की चपेट में आने से 32 वर्षीय युवक अंकेश पाण्डेय की हुई मौत के मामले में मृतक युवक की मां मीरा पाण्डेय की तहरीर पर कोतवाली इनायतनगर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीकापुर क्षेत्र के नंदूपुर गांव निवासी अंकित पाण्डेय पुत्र रमाशंकर पांडे बीते 11 फरवरी को देवकली गांव स्थित खेत में लगे गेहूं की सिंचाई करने के लिए मीरा पाण्डेय अपने बेटे के साथ मेढ़ से जा रही थी तभी उनका पैर मेढ़ से खेत में फिसल गया था।

बगल के खेत में लगे तार गिर गई विद्युत करंट की चपेट में आने पर जब उन्होंने चिल्लाया तो उनका बेटा अंकेश पाण्डेय ने दौड़कर किसी तरीके से अपनी मां को तो बचा लिया लेकिन ना जाने कैसे विद्युत की चपेट में स्वयं आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा करा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक अंकेश की मां ने पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि गांव के विजय प्रकाश, मंजन, साईं व उदई पुत्र रामअचल से खेत में खूंटा गाड़ने तथा तार बांधने को लेकर विवाद हुआ था उन्होंने मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी थी। उपरोक्त लोग अपने खेत में विद्युत करंट संचालित कर रखा था जिसके चपेट में आने से मेरे बेटे की मौत हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गैर इरादतन हत्या समेत गंभीर धाराओं में चारों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक अंकेश पाण्डेय अपने मां–बाप के इकलौते संतान थे, घर पर ही रह कर अपने पिता रमाशंकर के साथ खेती किसानी करते थे मृतक के एक 8 वर्ष का बेटा ओम व 4 माह की एक बेटी है परिजनों घटना के बाद से मातम सा छाया है बेटा व बेटी के सर से पिता का साया हमेशा के लिए हट गया।

# रागिनी वर्मा ने लिया नगर पंचायत गोसाईगंज ईओ का चार्ज

गोसाईगंज–अयोध्या आदर्श नगर पंचायत गोसाईगंज के अधिशासी अधिकारी का चार्ज बीकापुर नगर पंचायत की ईओ रागिनी वर्मा ने लिया। इन्हें अतिरिक्त चार्ज का दायित्व शासन के निर्देश पर दिया है। बताते चलें कि पूर्व ईओ आलोक कुमार मिश्रा का प्रमोशन के बाद श्री मिश्रा का ट्रांसफर नगरपालिका महाराजगंज हो गया। नगर पंचायत गोसाईगंज की कुर्सी लगभग 45 दिनों से खाली रही जिसके कारण सफाई कर्मचारियों की तनख्वाह एवं खारिज दाखिल और अन्य काम नहीं हो पा रहे थे। अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बीकापुर रागिनी वर्मा को अतिरिक्त चार्ज गोसाईगंज का एक बार फिर मिला है। गोसाईगंज के समस्याओं के तरफ ईओ रागिनी वर्मा का ध्यान आकृष्ट किया गया तो उन्होंने कहा कि मुझे समय दीजिए. अभी मैं नगर पंचायत गोसाईगंज का चार्ज ली हूं. नगर पंचायत का भ्रमण करूंगी और समस्याओं को देखूंगा इससे पहले 2019 में 1 माह के लिए मिला था। नगर पंचायत गोसाईगंज के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं थी अब निश्चित ही उसका समाधान होगा। नगर पंचायत के सभी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करने के बाद कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने मीडिया प्रभारी दिनेश जायसवाल को बताया कि नगर पंचायत के वार्डो की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करनी। सरकार की सभी योजनाओं को जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करने पर निर्णय लेना प्राथमिकता होगी। साथ ही साथ नगर पंचायतों के अल्पसंख्यकों का विस्तार तथा आर्थिक स्थिति को मजबूत करना होगा। साथ ही सरकार के दिशा–निर्देशों को नगर पंचायत में लागू किया जाएगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

## –नाबालिग बालिका अपहरण प्रकरण में शिकायतों से नाराज एसएसपी ने खंडासा थानाध्यक्ष को लगाई फटकार

अयोध्या। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मिल्कीपुर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। समाधान दिवस क्षेत्र से 218 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश किए जिनमें से 3 मामलों का निस्तारण तत्काल मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा करा दिया गया। समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों से डीएम नीतीश कुमार ने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए, उनकी समस्याओं का तत्काल गुणवत्ता के साथ निस्तारण भी किया जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज जी ने भी सर्किल के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। समाधान दिवस में ग्राम प्रधान सिधौना उमा सिंह ने अपनी ग्राम पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय बसापुर में ग्राम शिक्षा समिति मध्यान भोजन समिति एवं विद्यालय प्रबंध समिति का गठन न किए जाने की शिकायत की हालांकि जिलाधिकारी तक शिकायत पहुंचने से पहले ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने ग्राम प्रधान से शिकायत स्वयं प्राप्त करते हुए जांच में दोषी पाए जाने पर प्रधानाध्यापक के खिलाफ निलंबन से सेवा समाप्ति तक की कार्यवाही किए जाने की बात कही। खंडासा थाना क्षेत्र के घटौली गांव से अगवा की गई नाबालिग बालिका के मामले में आरोपियों के कब्जे से बालिका को बरामद करते हुए उन्हें थाने लाने के बावजूद भी ससम्मान छोड़े जाने का मामला पेश हुआ पीड़ित नाबालिग बालिका के पिता की शिकायत पर एसएसपी मुनिराज ने थानाध्यक्ष खंडासा को तलब कर जमकर फटकार लगाई और आरोपियों की गिरफ्तारी किए जाने के आदेश दिए। ग्राम प्रधान इनायत नगर रेनू यादव के नेतृत्व में दो दर्जन ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षरित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर गांव की बेशकीमती भूमि पर एक शिक्षक शिवराज यादव द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे को रोकवाते हुए क्षेत्रीय लेखपाल को भी तत्काल हटाने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को पूरे प्रकरण की जांच सौंप दी है और उनसे रिपोर्ट ने मांगा है। जिलाधिकारी ने इनायत नगर के लेखपाल बलदेव तिवारी के खिलाफ लगातार आ रही शिकायतों को लेकर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उन्हें तत्काल हटाए जाने के आदेश एसडीएम को दे दिए हैं। पाराधमथुआ गांव निवासी आदित्य प्रताप शर्मा ने प्रार्थना पत्र दिया कि पूर्व प्रधान गायत्री देवी द्वारा स्ट्रीट लाइट में धांधली की जांच कराने के लिए कई प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। डीएम ने डीपीआरओ को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। दसौली गांव निवासी अवधेश पांडे ने सीएचसी मिल्कीपुर डॉक्टर अधीक्षक द्वारा इलाज में घोर लापरवाही व मरीजों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए अस्पताल से बाहर की दवा धड़ल्ले से लेकर जाने का आरोप लगाया और बताया कि सीएचसी अधीक्षक 10 वर्ष से अस्पताल में ही जमे हैं। जिलाधिकारी ने सीएमओ को जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिए हैं। समाधान दिवस में जब किसानों ने शिकायती प्रार्थना पत्र छुट्टे मवेशियों के संबंध में दिया तो जिलाधिकारी ने एसडीएम को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द चिन्हित स्थानों पर गौशालाओं का निर्माण कराकर छुट्टे मवेशियों को पकड़वाया जाए। समाधान दिवस समाप्त होने से 50 मिनट पूर्व जिलाधिकारी एवं एसएसपी के चले जाने के बाद समाधान दिवस में रामराज्य छा गया और दर्जनों फरियादी जिलाधिकारी और एसएसपी से मिलकर अपनी शिकायत करने को लेकर मायूस नजर आए। समाधान दिवस में राजस्व एवं विकास विभाग सहित पुलिस विभाग से शिकायतें भारी संख्या में प्रस्तुत हुई। समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अजय राजा, उपनिदेशक कृषि संजय त्रिपाठी, एसडीएम अमित जायसवाल, तहसीलदार हेमंत गुप्ता, क्षेत्राधिकारी आसुतोष मिश्रा, वन क्षेत्राधिकारी पी के श्रीवास्तव, निरीक्षक मुईद खान, खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर रिचा सिंह, तीनों विकासखंड के बीडीओ, उपखंड अधिकारी मिल्कीपुर अमित कुमार सहित सभी अधिकारीगण मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार से समाज का हर वर्ग त्रस्त : अरविंद सिंह गोप

रूदौली–अयोध्या। सपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप रूदौली पहुंचे जहां पार्टी नेता एहसान मोहम्मद अली चौधरी उर्फ शहरयार की ओर से उनका स्वागत किया गया। रुदौली के बेगम बाग में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने कहा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो विश्वास मुझ पर किया है उस पर खरा उतरूँगा। उन्होंने कहा की आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है। कार्यकर्ता अपना मनोबल बढ़ाए रखें। उन्होंने कहा कि समाज का प्रत्येक वर्ग भाजपा सरकार से त्रस्त है। महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। जनता समाजवादी पार्टी की ओर आशा से देख रही है। चौधरी शहरयार ने कहा की पूर्व मंत्री को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर कार्यकर्ता भी उत्साहित हैं। पूर्व विधायक राम गोपाल रावत व जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने भी स्वागत किया। संचालन जिला सचिव राम दास यादव ने किया।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बलराम यादव, नगर अध्यक्ष आमिर खां, रजित राम रावत, सत्ती यादव, इसार हुसैन खां, अमानत अली, शाहिद हुसैन आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशासनिक महासचिव बने निर्मल खत्री

अयोध्या। कांग्रेस पार्टी के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्यों की सूची जारी की गई। जिसमें पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री ,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशासनिक महासचिव दिनेश सिंह तथा जयकरण वर्मा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का सदस्य निर्वाचित हुए। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया की उपरोक्त सदस्यों के अलावा दयानंद शुक्ला को एआईसीसी नामित किया गया। अयोध्या कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह उग्रसेन मिश्रा सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा उमेश उपाध्याय सुरेंद्र सिंह सैनिक प्रवीण श्रीवास्तव डॉ विनोद गुप्ता आदि ने सभी के निर्वाचन पर हर्ष व्यक्त किया।

## अनियंत्रित होकर पलटी कार, तीन घायल

जौनपुर। गौराबादशाहपुर बाईपास पर चोरसंड गांव के पास तेज रफ्तार कार का एक्सेल टूटने से अनियंत्रित कार पलट गई। जिससे कार में बैठे 3 लोग घायल हो गए सभी घायलों को उपचार हेतु चोरसंड भिजवाया गया। मिर्जापुर जनपद के कोतवाली अंतर्गत जेपी पुरम कॉलोनी निवासी आशीष अपने परिवार सहित आजमगढ़ जनपद के किसी रिश्तेदारी में आया था। जहां से वह सुबह अपने घर वापस जा रहे थे। गौराबादशाहपुर बिथार बाईपास पर चोरसंड गांव के पास तेज रफ्तार कार का अचानक एक्सेल टूट गया। जिसकी वजह से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार पलटने की वजह से कार चालक आशीष उसमें बैठी सुनीता देवी 52 और नीलम 22 बुरी तरह से घायल हो गए। घटना में नीलम का हाथ टूट गया कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर उपचार हेतु सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी रही।

## केक काटकर मनाया गया कन्या जन्मोत्सव का आयोजन

जौनपुर। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम के नेतृत्व में 20 फरवरी को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत लिंग असमानता को समाप्त करने हेतु बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन करने और समाज में व्याप्त कुरीति कि लड़कों के जन्म पर खुशी मनाई जायेगी लड़कियों की नहीं, के उद्देश्यों को लेकर कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मछलीशहर में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सांसद के प्रतिनिधि द्वारा कहा गया कि देश व प्रदेश के सरकार की यह मंशा है कि महिलाओं को समाज अग्रण स्थान मिले इसके लिये सरकार ने यह व्यवस्था बनाई है कि सभी योजनाओं में महिलाओं को मुखिया बनाया जाये, जैसे आज शौचालय, आवास, राशन कार्ड, कन्या सुमंगला योजना, उज्जवला योजना इत्यादि हेतु महिला मुखिया को प्राथमिकता दी जा रही है। जिला प्रोबेशन अधिकारी बिजय कुमार पाण्डेय ने कि जनपद जौनपुर में पुरूष और महिला लिंगानुपात बेहतर स्थिति में है लेकिन बाल लिंगानुपात घट रहा है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि इसके लिये आगे आये। कार्यक्रम में केक काटकर चिकित्सालय में जन्मी पॉच बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया और उन्हे बेबी हिमालया गिफ्ट पैक प्रदान किया गया। डा0 विशाल यादव अधीक्षक, चन्दन राय बाल संरक्षण अधिकारी, अवनीश मणि त्रिपाठी, परामर्शदाता उपस्थित रहे।

## थानों को टोबैको फ्री करने की जरूरत पर जोर दिया

जौनपुर । राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यशाला पुलिस लाईन सभागार में सी0ओ0 सिटी कुलदीप कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह द्वारा बताया गया कि विश्व में लगभग 60 लाख लोग हर साल तम्बाकू के सेवन से अपनी जान गवाते है। 6.5 सकेण्ड में एक धूम्रपान करने वाले व्यक्ति की मौत होती है। भारत में कैन्सर से मरने वाले 100 रोगियों में से 40 तम्बाकू के प्रयोग के कारण मरते है। नोडल अधिकारी तम्बाकू नियंत्रण डा0 राजीव यादव कार्यक्रम द्वारा बताया कि अभी हाल ही में भारत सरकार द्वारा जारी ग्लोबल यूथ तम्बाकू सर्वे–2021 जारी किया गया है, जिसके अनुसार 23 प्रतिशत लडके एवं 24 प्रतिशत लडकियों द्वारा किसी न किसी रूप में तम्बाकू उत्पादों का उपयोग, 22 प्रतिशत विद्यार्थियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर परोक्ष धुर्मपान किया जा रहा है क्षेत्रीय समन्यवक तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम दिलीप पाण्डेय द्वारा जनपद के समस्त थानों को टोबैको फ्री किये जाने हेतु कार्य किये जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुये उनके कार्य एवं दायित्वों को बताया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारीध्जनपदीय नोडल अधिकारी डा0 राजीव यादव एवं एन0सी0डी0 सेल के समस्त कर्मचारीध् अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जय प्रकाश गुप्ता ने किया।

## सेन्टर पर न जाने वाले मजिस्ट्रेट पर होगी कार्यवाही

जौनपुर। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत कराया है कि हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा जनपद में समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद के कुछ परीक्षा केन्द्रों पर लगाए गये स्टैटिक मजिस्ट्रेट, आदेश के बावजूद सेन्टर पर नहीं जा रहे हैं, फलस्वरूप उनके स्थान पर उपजिलाधिकारी स्तर से वैकल्पिक व्यवस्था कर कार्य लिया जा रहा है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ऐसे स्टैटिक मजिस्ट्रेट जो सेन्टर पर आदेश के बावजूद नहीं जा रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जाय।

# दबंग शिक्षक के कब्जे से खाली कराया गया बारात घर

## -अवैध कब्जेदार के प्रभाव में आकर प्रशासनिक अधिकारी शिकायतों को कर रहे थे अनसुना

मिल्कीपुर–अयोध्या। जिलाधिकारी से शिकायतों के बाद आखिरकार ब्लॉक से लेकर तहसील के प्रशासनिक अधिकारी नींद से जाग गए और इनायत नगर गांव स्थित बारात घर पर दबंग शिक्षक द्वारा किए गए अवैधा कब्जे को हटवाते हुए बारात घर खाली करा दिया गया। बता दें कि मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत इनायत नगर ग्राम पंचायत में काफी पुराना बारात घर स्थित है। ग्राम प्रधान रेनू यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के एक शिक्षक शिवराज यादव द्वारा अपनी दबंगई एवं सरकसी के बल पर बारात घर पर अवैध कब्जा करते हुए अपने सामान रख लिए गए थे जिसको लेकर ग्रामीणों ने ब्लॉक से लेकर एसडीएम मिल्कीपुर से शिकायत करते हुए बारात घर शादी कराए जाने की गुहार की थी किंतु दबंग शिक्षक के प्रभाव में आकर कोई भी अधिकारी और इनायतनगर पुलिस करवाई नहीं करना चाह रहा था। किंतु ग्राम प्रधान के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत की और बारात घर खाली कराए जाने की मांग की। जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल बारात घर खाली कराए जाने का आदेश दिया और आखिरकार अवैधा कब्जे दार के कब्जे से बारात घर खाली कराया जा सका।

# व्यापार मंडल के व्यापारी सदस्यता का शुभारंभ

जौनपुर। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर जाकर के स्वर्ण जयंती वर्ष के अंतर्गत मिस कॉल देकर व्यापारी सदस्यता का शुभारंभ गल्ला मंडी स्थित जिला कैंप कार्यालय से प्रारंभ हुआ और उर्दू बाजार ईसापुर और सुतहटी बाजार के व्यापारियों को जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन ने पंपलेट देकर स्वर्ण जयंती वर्ष में इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए 7030930361 मोबाइल नंबर पर मिस कॉल करने के लिए प्रेरित करते हुए व्यापार मंडल के 50वे वर्ष में किए जा रहे कार्यों को बताया और सभी व्यापारियों से अपना संपूर्ण सहयोग देने की अपील की, प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी और जौनपुर नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने संयुक्त रूप से इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस समय स्वर्ण जयंती वर्ष में ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को व्यापार मंडल में जोड़ना है आज के कार्यक्रम से लगभग 700 व्यापारियों से मिस कॉल दिलाया गया और 3 अप्रैल तक यह संख्या 10000 तक पहुंचाना है ।प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर जिला महामंत्री रामकुमार साहू, जिला संयोजक संतोष अग्रहरि,मनोज साहू, अरुण कपूर,ज्ञानेंद्र कुमार, अमर जौहरी,संजय साहू, आशीष जायसवाल, संतोष साहू, चेतन टंडन, मुन्ना लाल अग्रहरी,संजय साहू, राकेश जायसवाल, दिलीप साहू,अनिल वर्मा, रितेश साहू,सतीश अग्रहरि, रवि साहू, डी.के. अग्रहरि,नितेश साहू आदि उपस्थित रहे ।

# बक्शा में रोजगार मेला का आयोजन 22 को

जौनपुर। जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 22 फरवरी को प्रातः 10 बजे विकास खण्ड बक्शा परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें 07 कम्पनियों के द्वारा हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण 500 बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कम्पनियों में सेवायोजित कराये जाने हेतु रोजगार मेला का कैम्पस सलेक्शन किया जायेंगा। जिसमें अभ्यर्थी प्रतिभाग करते हुए साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर रोजगार प्राप्त करें। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी प्रूफ सहित प्रतिभाग कर सकते, जनपद के अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## नशा मुक्त भारत"अभियान के क्रम में प्रभारी थाना हर्रैय्या द्वारा छात्र–छात्राओं को किया गया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। थाना अध्यक्ष थाना हर्रैय्या अखिलेश कुमार पाण्डेय



के द्वारा थाना हर्रैय्या क्षेत्र अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय बरदौलिया स्थानीय पुलिस द्वारा समाजिक चेतना का आयोजन कर नशा मुक्ति। समाजिक कार्यों के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया तथा स्कूल के मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी को नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया गया । महोदय द्वारा सभी को बताया गया कि भारत सरकार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान वर्ष 2020–21 से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य, देश में मादक पदार्थों की उत्पादन की रोकथाम करना, साथ ही देश की आबादी के बड़े भाग को नशे की प्रवृति से बचाना है।

## ब्लाकों के शिक्षामित्र लखनऊ के लिए रवाना

जौनपुर। मछलीशहर तहसील क्षेत्र के विभिन्न ब्लाकों के शिक्षामित्र लखनऊ के लिए रवाना हुए। मछलीशहर ब्लाक के शिक्षामित्र ब्लॉक अध्यक्ष धर्मराज यादव के नेतृत्व में रविवार की रात लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर पार्क के लिए रवाना हुए। इस मौके पर मछलीशहर ब्लॉक टीम से राकेश सरोज, अरुण शुक्ला, नीलम शुक्ला, राधेश्याम यादव, शमशेर, आदि बस से लखनऊ के लिए प्रस्थान किये। इस कार्यक्रम को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर पार्क में 20 फरवरी को सुबह आयोजित किया गया है। जिसमें प्रदेश के सभी जनपद से शिक्षामित्र पहुंचेंगे। उधर विकास खंड मुंगराबादशाहपुर से ब्लाक अध्यक्ष अमृत लाल पटेल के नेतृत्व में भारी संख्या में शिक्षामित्र मुंगराबादशाहपुर रेलवे स्टेशन से लखनऊ इंटरसिटी से शाम को करीब 8 बजे रवाना हुये। रवाना होने वाली टीम में ब्लाक अध्यक्ष अमृत लाल पटेल के अलावा सुरेन्द्र प्रताप यादव, विजय बहादुर यादव,बाल मुकुंद रजक, सुरेन्द्र कुमार गौतम,हिमकर पाण्डेय, शिवशंकर पाण्डेय,विभा सिंह,ज्ञानों सिंह,सरजू देवी पटेल उपमा श्रीवास्तव,सरोजा सरोज आदि शामिल रहे।

## ग्राम प्रधान और सदस्य के लिए किया नामांकन

जौनपुर। सुइथाकला क्षेत्र के ग्राम पंचायत सवायन के रिक्त पड़े ग्राम प्रधान व सदस्य पद के लिए उम्मीद्वारों ने ब्लाक मुख्यालय पर समर्थकों संग पहुँचकर अपना पर्चा दाखिल किया। ज्ञात हो कि ग्राम प्रधान अरविन्द कुमार की असामयिक निधन से उक्त पद रिक्त पड़ा हुआ था।जिसके लिए जहा दीपक कुमार पुत्र रामप्यारे,अनीता पत्नी स्व.अरविन्द व संजू पत्नी स्वारथ ने प्रधान पद के लिए अपने समर्थकों संग स्थानीय ब्लाक मुख्यालय पर पहुँचकर पर्चा दाखिल किया ,वहीं ग्राम पंचायत सदस्य के लिए मीरा पत्नी रत्तीलाल ने अपना पर्चा दाखिल कियाद्यइस आशय की जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी एडीओ आईएसबी सुरेन्द्र नाथ ने बताया कि ग्राम प्रधान के लिए तीन और ग्राम पंचायत सदस्य के लिए एक पर्चा दाखिल किया गया । इस दौरान खंड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव,एडीओ पंचायत राजेश कुमार समेत थाना प्रभारी विक्रम लक्ष्मण सिंह मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी नगर निकाय चुनाव की समीक्षा बैठक किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसीद्य मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी नगर निकाय चुनाव की समीक्षा बैठक मंगल बाजार स्थित पशुपति मैरिज हाल में किया गया बैठक को संबोधित करते हुए नगर निकाय चुनाव प्रभारी अष्टभुजा शुक्ला ने कहा कि संगठन को जितने ज्यादा मजबूत करेंगे पार्टी उतनी ही मजबूत होगीद्य बूथ पन्ना प्रमुख को सुदृढ़ व मजबूत बनाने के लिए कहां साथ ही महिला मोर्चा ,अनुसूचित मोर्चा ,युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा , पिछड़ा मोर्चा का सम्मेलन बुलाया जाएगा 13 मार्च को संभावित मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगाद्य बैठक को पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव, विष्णु जयसवाल (सोनू ) रामशरण मौर्य, आनंद मणि त्रिपाठी ने भी संबोधित कियाद्य बैठक में छोटे राजा अभय प्रताप सिंह भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष जगजीवन गौंड, स्थानीय नगर निकाय प्रकोष्ठ बलराम कुलश्रेष्ठ ,क्षेत्रीय सदस्य प्रतिभा वर्मा, महिला महामंत्री अनुपमा सिंह, गौरी शंकर अग्रहरी, अमरनाथ अग्रहरी, हरगोविंद साहू, अजय शुक्ला ,संजय रावत,सूर्यभान जयसवाल, राम करन यादव, रामप्यारे, प्रमोद हिंदू, निवर्तमान सभासद धर्मेंद्र ,सोनू वर्मा, जीवन अग्रहरि ,अर्जुन निषाद, राकेश वर्मा ,रवि अग्रहरी, शिवम कश्यप, सहित काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहेद्य बैठक का सफल संचालन पिंटू बर्मा ने किया बीइओ ने विद्यालय के साथ किचन गार्डन का भी किया निरीक्षण उसका बाजार। क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय स्कूलों का मंगलवार को निरीक्षण किया साथ ही कम्पोजिट विद्यालय तिवारीडीह के परिसर में स्थित किचन गार्डन का निरीक्षण किया है। खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार ने मंगलवार को विकास क्षेत्र के आधा दर्जन स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालयों में निपुण तालिका, पाठ योजना समेत कई बिंदुओं की जानकारी ली। बीईओ ने प्राथमिक विद्यालय विशुनपुर नवीन, रानीगंज, मधुरी, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक सेखुई और कंपोजिट विद्यालय तिवारीडीह विद्यालय पहुंच हालात देखे। इस दौरान उन्होंने निपुण, प्रेरणा तालिका, उपचारात्मक शिक्षण, अभ्यास पुस्तिका का शत प्रतिशत प्रयोग और पाठ योजना के अनुसार शिक्षण कार्य की हकीकत जानी। प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि समय सारिणी का पालन कर शिक्षण कार्य बेहतर तरीके से करें। इसके अलावा कंपोजिट विद्यालय तिवारीडीह में बने किचेन गार्डन में सब्जियों और मशाले में प्रयोग होने वाला धनिया की खेती देखी। इसके लिए प्रधानाध्यापक हरिशंकर सिंह की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जिन भी विद्यालयों में खाली जमीन है वहां किचेन गार्डन विकसित किया जाए। इसके लिए जल्द ही स्कूलो को चिन्हित किया जाएगा।

## कृषि विज्ञान केंद्र सोहना सिद्धार्थनगर पर, पांच दिवसीय प्रशिक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर,सिद्धार्थनगर। कृषि विज्ञान केंद्र सोहना सिद्धार्थनगर





पर, पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश ने किसानों को वेमौसमी सब्जियों की खेती करने के बारे में बताया वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कुमार ने, सब्जियों की नर्सरी में लगने वाले कीट एवं रोगों के प्रबंधन के बारे में बताया। वैज्ञानिक डॉ एस एन सिंह ने बताया की ऑफ सीजन में सब्जियों की खेती करके अधिक लाभ प्राप्त करें द्य वैज्ञानिक डॉ सर्वजीत ने ऑफ सीजन सब्जियों के उत्पादन की विस्तृत जानकारी देते हुए बीज उत्पादन तकनीक के बारे में में भी बतायास मृदा विशेषज्ञ प्रवेश कुमार ने संतुलित उर्वरकों का प्रयोग कर सब्जी का उत्पादन करने और सब्जी की खेती में जैविक खाद का प्रयोग करने के बारे में बताया सडॉ एस के मिश्रा ने बताया सब्जियों की बुवाई मेड़ पर करें और नाली के माध्यम से हल्की सिचाई करें, कार्यक्रम के दौरान डॉ मार्कंडेय सिंह ने समसामयिक विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम में दिलीप त्रिपाठी, अशोक कुमार, आकाश मौर्य, रामपाल, जोखाई, रामसूरत, आदि किसान उपस्थित रहे।

## ब्रेकअप–डे पर इश्क मैं करया गाने का हुआ प्रमोशन

गोरखपुर। किसी ने सच ही कहा है कि कला किसी उम्र की



मोहताज नही होती। गोरखपुर नगर के धरमपुर निवासी शिव प्रकाश शुक्ल ने दिनांक 21 फरवरी के दिन उन सभी यंगस्टर्स को ब्रेकअप–डे पर स्पेशल गिफ्ट ‘इश्क मैं करया’ गाने का प्रमोशन के साथ दिया। उपरोक्त गाने का प्रमोशन गोरखपुर के गोलघर गणेश चौक स्थित मूनवॉक डांस एंड म्यूजिक एकेडमी में किया गया। श्री शुक्ल ने बताया कि यह गाना मेरा जीवन का पहला गाना है जिसे मैंने खुद हिंदी व पंजाबी मिक्स में गाकर श्रोताओं को गिफ्ट दिया है। यूट्यूब पर ळंतह उनेपबनइमत के नाम से उपलब्ध है। इस गाने के लेखक व डायरेक्टर प्रिंस शुक्ला हैं। प्रमोशन के दौरान संस्था के ऑनर विशाल सैनी सर, सहयोगी कलाकार नेहा राजभर, आकाश शुक्ला एवं आदर्श त्रिपाठी का उत्कृष्ट योगदान रहा। बताते चलें कि उपरोक्त संस्था 9 वर्षों से लगातार नए नए कलाकारों को मौका देती रहती है साथ ही निर्धन वर्ग के बच्चों को निशुल्क क्लास देने में कोई कसर नहीं छोड़ती। शिव प्रकाश शुक्ला ने मीडिया के माध्यम से इस सफलता का श्रेय विशाल सैनी सर, राजेश मिश्रा सर सहित अपने माता–पिता एवं मित्र जनों को दी है। संस्था के संस्थापक विशाल सैनी सर ने बताया कि म्यूजिक, डांस, गिटार इत्यादि से संबंधित रुचि रखने वाले बच्चे व बच्चियां 9559144227 नंबर पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## सफाईकर्मियों ने सफाई कार्य रोककर दिया कार्यलय पर धरना

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। गोला तहसील मुख्यालय का नगर पंचायत गोला के समस्त संविदा सफाईकर्मी सोमवार को तहसीलगोला मुख्यालय पहुच कर तहसीलदार गोला बृजमोहन शुक्ला को ज्ञापन देने के बाद मंगलवार को नगर पंचायत में सफाई कार्य से विरत होकर नगर पंचायत कार्यालय पर धरना पर बैठ गए । सफाई कर्मियों का कहना है कि अधिशासी अधिकारी गोला द्वारा किये जा रहे मनमाने पर रवैये से क्षुब्धा होकर हमलोग धरने पर बैठे है जब हम लोगो के समस्या का निदान नही होगा तब तक कार्य से विरत रहकर धरना चालू रहेगा। नगर पंचायत गोला में सफाई कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के लिए ठेके पद्धति पर संविदा सफाई कर्मीयो की तैनाती की गई है जो नगर पंचायत गोला सहित समाहित गाँवो में पहुच कर सुबह झाड़ू मारकर साफ सफाई कार्य करते है। नगर पंचायत गोला के संविदा सफाई कर्मियों ने अधिशासी अधिकारी के कार्यप्रणाली से क्षुब्ध होकर भारी संख्या में सोमवार को तहसील गोला मुख्यालय पर पहुच कर एक ज्ञापन तहसीलदार गोला बृजमोहन शुक्ला को दिया था। ज्ञापन में लिखा था कि हम सभी लोगो की तैनाती संविदा सफाई कर्मी के रूप में नगर पंचायत गोला में है। हम सभी लोग नियमित सफाई कार्य करते है। हम लोगों से पूरे महीने कार्य लिया जाता है कोई अवकाश नही मिलता है। हम लोगो के वेतन से पीएफ की कटौती की जाती है ।लेकिन कितना कटौती किया गया इसका कोई प्रमाण हम लोगो को नही मिलता है। अधिशासी अधिकारी से पूछने पर वह कहते है कि नौकरी से त्यागपत्र दे दो। नौकरी करने की कोई आवश्यकता नही है। तहसीलदार गोला ने समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन मंगलवार को सफाई कर्मियों ने सफाई कार्य बाधित कर अपनीमांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। सफाई कर्मियों का कहना है कि जब तक हम लोगो की समस्या का समाधान नही होगा तब तक धरना जारी रहेगा। इस प्रकरण पर जब अधिशासी अधिकारी से राघवेन्द्र प्रताप से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि ठेकेदार से बार्ता हुई है मार्च तक संविदा सफाई कर्मियों के समस्या का समाधान हो जाएगा । इस प्रकरण पर ए डी एम प्रशासन डा पुरुषोत्तम दास गुप्ता का कहना है कि यह प्रकरण मेरी सज्ञान में नही है। हम बराबर तहसील गोला मुख्यालय व नगरपंचायत गोला कार्यालय पर जाते है। लेकिन इस तरह की समस्या मेरे सामने नही आयी। अगर सफाई कर्मियों के सामने कोई समस्या है तो मुझे अवगत कराना चाहिए था। नगर पंचायत गोला में सफाई कर्मी ठेकेदार द्वारा रखे गए है। सारी जिम्मेदारी ठेकेदार की होती है। हम ठेकेदार से बार्ता कर पूछते है। और समस्या का समाधान करवाते है।



## बीइओ ने विद्यालय के साथ किचन गार्डन का भी किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार। क्षेत्र के विभिन्न परिषदीय स्कूलों का मंगलवार को निरीक्षण किया साथ ही कम्पोजिट विद्यालय तिवारीडीह के परिसर में स्थित किचन गार्डन का निरीक्षण किया है। खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार ने मंगलवार को विकास क्षेत्र के आधा दर्जन स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालयों में निपुण तालिका, पाठ योजना समेत कई बिंदुओं की जानकारी ली। बीईओ ने प्राथमिक विद्यालय विशुनपुर नवीन, रानीगंज, मधुरी, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक सेखुई और कंपोजिट विद्यालय तिवारीडीह विद्यालय पहुंच हालात देखे। इस दौरान उन्होंने निपुण, प्रेरणा तालिका, उपचारात्मक शिक्षण, अभ्यास पुस्तिका का शत प्रतिशत प्रयोग और पाठ योजना के अनुसार शिक्षण कार्य की हकीकत जानी। प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि समय सारिणी का पालन कर शिक्षण कार्य बेहतर तरीके से करें। इसके अलावा कंपोजिट विद्यालय तिवारीडीह में बने किचेन गार्डन में सब्जियों और मशाले में प्रयोग होने वाला धनिया की खेती देखी। इसके लिए प्रधानाध्यापक हरिशंकर सिंह की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जिन भी विद्यालयों में खाली जमीन है वहां किचेन गार्डन विकसित किया जाए। इसके लिए जल्द ही स्कूलो को चिन्हित किया जाएगा।



## ‘पार्वती नेशनल एकेडमी कालेसर गीडा में दंत शिविर का हुआ आयोजन’

**पिपरौली** ।पार्वती नेशनल एकेडमी कालेसर गीडा में मिशन पायरिया मुक्त अभियान के तत्वावधान में निशुल्क मुंह एवं दांत जांच शिविर का आयोजन किया गया ।इस शिविर के दौरान विद्यालय में पढ़ने वाले लगभग 650 छात्र–छात्राओं की मुंह एवं दांत की जांच की गई। छात्र छात्राओं के मुंह एवं दांत की जांच ओरल डेंटल के विशेषज्ञ दंत चिकित्सक डा.आशीष प्रताप मल्ल एवं डा.अर्चना मल्ल एवं डॉ.अवनीश चौरसिया ने की। जांच के



दौरान छात्राओं को मुंह एवं दांतों के देखभाल एवं रोगों से बचाव के लिए उचित परामर्श दिया गया। चिकित्सकों की टीम ने छात्राओं को मुंह एवं दांत में होने वाली बिमारियों एवं इसके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया। दांतों की देखभाल के लिए विशेष रुप से जानकारी दी गई ।चिकित्सकों ने बताया कि मुंह एवं दांत के उचित देखभाल एवं साफ–सफाई से मुंह एवं दांत में होने वाले कई गंभीर बिमारियों से बचा जा सकता है ।यदि मुंह एवं दांत में किसी प्रकार का कोई लक्षण दिखाई दे तो तत्काल समय रहते चिकित्सकों से उचित परामर्श लेनी चाहिए ताकि इससे बाद में होने वाली परेशानियों से बचा जा सके ।इससे पूर्व निरूशुल्क मुंह एवं दांत जांच शिविर का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक आलोक रंजन सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चो को संबोधित करते हुए ।आलोक रंजन सिंह ने कहा कि ओरल डेंटल का यह प्रयास काफी सराहनीय है। इस प्रकार के शिविर विद्यालय में लगाए जाने से निश्चित रुप से छात्र–छात्राओं को काफी लाभ मिलेगा तथा बच्चे मुंह एवं दांत में होने वाले बिमारियों से बचेंगे ।इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या सरिता शर्मा, के के शर्मा, के एल शर्मा, मनोज सिंह अंश मेडिकल शिवम श्रीवास्तव इंडिगो मेडिकल रेमेडीज लि०,नितिन कुमार, संदीप कुमार इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में 25 बर्षीय बिबाहिता की हुई मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। गोला तहसील क्षेत्र के थाना गगहा थाना अंतर्गत ग्राम पकड़ी में सोमवार को देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में 25 बर्षीय बिबाहिता की घर पर ही मौत हो गयी। परिजन छत की सीढी से गिर कर मौत होना बता रहे है वही मायके वाले दहेज उत्पीड़न का मामला बता रहे है ।मृतका के गले पर रस्सी के निशान दिखाई पड़े है ।गगहा पुलिस ने सूचना पर घटना स्थल पर पहुच कर शव कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया है ।प्राप्त बिबरण के अनुसार पकड़ी निवासी कौशल साहनी पुत्र गया साहनी की पत्नी कालिंदी देवी 25 बर्ष की घर पर सोमवार को देर शाम मौत हो गयी ।घटना की सूचना पाते ही मृतका के पिता हरी लाल साहनी निवासी ग्राम गोड़सरी थाना बांसगांव सपरिवार पकड़ी गांव पहुचे ।घटना स्थल पर गगहा पुलिस भी पहुची ।मृतका के पिता का कहना है कि मेरी बेटी की शादी दान दहेज के साथ दो बर्ष पूर्व कौशल के साथ हुई थी ।शादी के दहेज में सोने का चौन देना बाकी था ।उस चौन के लिए ससुराल वाले उसे बार बार प्रताड़ित करते थे ।ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर कालिंदी ने गले मे फंदा लगा कर आत्महत्या कर लिया है ।मृतका के पास एक बर्ष की बिटिया भी है ।मृतका के गले पर रस्सी के निशान मौजूद थे ।गगहा पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता की तरफ से लिखित तहरीर दी दी गयी है। इस प्रकरण पर एस ओ गगहा का कहना है कि शव को पी एम के लिए भेज दिया गया है ।रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।



## महराजगंज मोबाइल फोन पर अनुसूचित जाति को गाली गुफ्ता देने का आरोप



दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। भीमराव अम्बेडकर युवा समाज कल्याण एकता संगठन के विधानसभा अध्यक्ष नौतनवां संदीप कन्नौजिया के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने आरोपी पर कार्यवाही हेतु थाने पर दिया लिखित तहरीर परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुहानी टोला पुरषोत्तम पुर निवासी अध्यक्ष संदीप कन्नौजिया एव कार्यकर्ता रुदल, काग्रेंस, छेदी, एव ग्रामीण राजेन्द्र, रामअवतार, राजू, शमशाद, मोहनराव, सुरेन्द्र,काबिर ताजीम, अवधेश, मुन्नीलाल, गंगाराम, शंकर, दिनेश पासवान गुलाब धर्मेंद्र सहित आदि लोगो ने अपने शिकायती पत्र मे लिखा है कि घटना बीते 18 फरवरी की शाम लगभग तीन बजे की है। मेरे गांव निवासी एक व्यक्ति के मोबाइल पर गांव निवासी कैलाश एव फागू ने अनुसूचित जाति के लोगो को जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया है। जिसका आडियो रिकार्डिंग हम प्रार्थी गण के पास मौजूद है। शिकायती पत्र मे लोगों ने यह भी लिखा है कि उपरोक्त दोनो आरोपियों के द्वारा लोगो मे अनुसूचित जाति पर तरह तरह का टिप्पणी एव भ्रामक अफवाहें फैलाई जा रही है। विरोध करने पर उपरोक्त लोगो द्वारा घर मे घुसकर मारने पीटने और देख लेने की धमकी दिया जा रहा है। उक्त लोगों के कृत्य से अनुसूचित जाति के लोगों की भावनाओं एव सम्मान पर ठेस पहुचा है। लोगो ने मांग किया है। उपरोक्त लोगों पर कार्यवाही नही हुआ तो हम सभी प्रार्थी गण धरना प्रदर्शन आमरण अनशन करने को बाध्य होगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस सम्बंध में थाना अध्यक्ष पारस मालिक दिनेश कुमार ने बताया कि मैं आज ही कार्य भाल ग्रहण किया हु मामला मेरे संज्ञान में नही है। ततकाल मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## ‘मानसिक रोगियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन’

**बांसगांव**। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को सीएचसी बांसगांव पर विशाल मानसिक रोग ओपीडी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ।इस शिविर के मुख्यअतिथि पूर्व प्रधानाचार्य मेजर ओंकार नाथ भट्ट जी रहे ।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि मानसिक रोग आपकी सोच पर निर्भर करता है कि आपका दिमाग क्या सही और क्या गलत सोचता है ।परिवार में यदि महिलाएं अपनो के बीच हमेशा प्रेरणादायक शब्दों का प्रयोग करें तो परिवार और समाज को इस रोग से बचाया जा सकता है ।किसी को भी कभी कोई दिल पर लगने वाली बातें ना करें ।मंगलवार को इस शिविर में कुल 270 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया जिसमे 82 रोगियों को मानसिक रोगी चिन्हित करके दवा और सलाह दिया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी के अधीक्षक डॉक्टर के एम अग्रवाल ने किया ।मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ अमित शाही एवम डॉ रामरेंद्र त्रिपाठी रहे ।कार्यक्रम में डॉ0 सुष्मिता सिंह, डॉ0 श्वेता सिंह, डॉ0 सी एस जोशी, डॉ0 राजीव रंजन सिंह, डॉ0 जे पी वर्मा,निलेश श्रीवास्तव, विनय पाठक, मनोज कुमार, महेंद्र तिवारी, रंजित, बाबूराम, शिवशंकर शर्मा,राकेश चंद, रमेश सिंह, प्रभात सिंह, दीपक सिंह,मदन एवम अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

**यह महज एक जमीन का खारिज होना नहीं, बल्कि केंद्र बनाम हिमाचल के बीच ऐसी रस्साकशी रही है जहां एक तरफा राजनीति अपने कलुषित प्रयास करने में सफल रही है। अगर राजनीति यूं ही परियोजनाओं को बदनाम करती रही, तो पूरे हिमाचल को न्याय कौन देगा। तर्क में सुक्खू सरकार उन परियोजनाओं को इंगित...**

# खानाबदोश विश्वविद्यालय परिसर

एक बार फिर मनहूस राजनीति के पिंजरे में केंद्रीय विश्वविद्यालय का धर्मशाला परिसर कैद होकर रह गया। जिस राजनीति ने पहले इसे दो पाटों में बांटा, वही पुनरू वन संरक्षण अधिनियम की चक्की में इसके अस्तित्व पर चोट पहुंच रही है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने पुनरू केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला परिसर के शिलान्यास में लगे पत्थरों पर कोड़े बरसाते हुए यह फरमान सुना दिया कि यह जमीन अयोग्य है। चौदह साल बाद भी राजनीति के इस खेल में धर्मशाला में परिसर का प्रस्ताव और जमीनों का हिसाब क्यों हार रहा है, इसे समझने की जरूरत है। आश्चर्य है कि जिस शहर में हिमाचल का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम स्थापित हो जाता है, उसी के आजू–बाजू जमीन की हर तरह की उपलब्धता को बार–बार ऐसी शक्तियां हरा रही हैं, जिन्होंने यह ठान रखा है कि तमाम केंद्रीय कानूनों की पहुंच से धर्मशाला के विश्वविद्यालय परिसर को हलाल किया जाए। आपत्तियों की सजावट का एक भयानक मंजर तब भी बुना गया, जब पहली बार जमीन का चयन हुआ और अब फिर से विश्वविद्यालय की अमानत लूटी जा रही है। कारण अगर हिमाचल के परिप्रेक्ष्य में समझे जाएं, तो पूरे हिमाचल में विकास पर तो पूर्ण अंकुश लग जाना चाहिए। मसलन जदरांगल का प्रस्तावित स्थान भूकंपीय क्षेत्र, भूगर्भीय अस्थिर क्षेत्र, बारिश से अत्यधिक भीगता क्षेत्र व असुरक्षित वनों का क्षेत्र होने के कारण शिक्षा का मंदिर नहीं हो सकता। इन आपत्तियों को अगर हमीरपुर के मेडिकल कालेज निर्माण में समझा जाए, तो अंतर स्पष्ट हो जाएगा कि जमीन को कलंकित करने के लिए राजनीतिक तौर पर वन संरक्षण अधिनियम के हथकंडे कैसे सामने आते हैं। हिमाचली विकास के अनेक अध्याय अगर जमीन पर रेखांकित हो रहे हैं, तो केवल जदरांगल भूखंड की उपयोगिता क्यों प्रश्नांकित हो रही है। हद तो यह कि विश्वविद्यालय ने अपने चौदह साल के इतिहास में सबसे उल्लेखनीय पन्ना यह जोड़ा कि इसकी अमानत में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का चहेता परिसर देहरा में तो आकार ले रहा है, लेकिन धर्मशाला के प्रस्तावित परिसर में कई नेता विफल हो गए। पांच बार विधायक और वर्तमान सांसद किशन कपूर इस परिसर की हर असफलता के नायक हैं, तो तत्कालीन सांसद शांता कुमार भी अपनी वचनबद्धता हार गए। केंद्रीय विश्वविद्यालय को देहरा में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की संपत्ति के रूप में देखने की चाहत से राजनीति इस कद्र हावी रही कि धूमल सरकार ने इस परियोजना को भी एक पक्षीय आंख से देखा। धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के नक्शे को खुर्दबुर्द करने के लिए तत्कालीन राज्य सरकार, भाजपा का आलाकमान, हिमाचल से केंद्र में मंत्रित्व की भागीदारी तथा पिछली जयराम सरकार भी इस दोष से मुक्त नहीं हो सकती, जबकि शिलान्यास का श्रेय तो भाजपा सरकारों ने ही लिया। पच्चीस हजार दर्शकों को अगर धर्मशाला स्टेडियम सुरक्षित बैठा लेता है, तो जदरांगल की जमीन को अभिशप्त करने का बहाना बना कर क्यों इस क्षेत्र की जनता को अभियुक्त बनाया जा रहा है। क्या हिमाचली क्षेत्र में सिर्फ धर्मशाला ही भूगर्भीय असंवेदना से भरा है या सारे भारत की बारिश यहीं बरस रही है। इन तमाम विडंबनाओं का सेहरा पहने केंद्रीय विश्वविद्यालय ने जो खोना था, उसे खो चुका है। अब केवल इमारतें लड़ रही हैं। ऐसे में व्यवस्था परिवर्तन के नारे पर आई सुक्खू सरकार के लिए अब यह परीक्षा की घड़ी है कि किस तरह खानाबदोश हो रहे विश्वविद्यालय के परिसर को बचाया जाए। एक आसान तरीका तो यही है कि जदरांगल के मसले को गैरराजनीतिक दृष्टि से न्याय दिलाया जाए। दूसरे तत्काल प्रभाव से सकोह में बटालियन के स्थान पर एक नया विकल्प तैयार किया जाए। यह महज एक जमीन का खारिज होना नहीं, बल्कि केंद्र बनाम हिमाचल के बीच ऐसी रस्साकशी रही है जहां एक तरफा राजनीति अपने कलुषित प्रयास करने में सफल रही है। अगर राजनीति यूं ही परियोजनाओं को बदनाम करती रही, तो पूरे हिमाचल को न्याय कौन देगा। तर्क में सुक्खू सरकार उन परियोजनाओं को इंगित कर सकती है, जो भाजपा सरकार के दौरान बिना जांच के जमीनों के सीने पर चढ़ गई। मंडी शिवधाम, तमाम मेडिकल व इंजीनियरिंग कालेजों की इमारतें और क्रिकेट स्टेडियम अगर बिना भूमि की ऐसी कठिन पड़ताल के तैयार हो रहे हैं, तो सारी लानतें विश्वविद्यालय के धर्मशाला परिसर के निर्माण को क्यों मिल रहीं।

# उठी आवाजें महत्त्वपूर्ण हैं

वर्तमान भारत सरकार आलोचनाओं की चिंता नहीं करती। लेकिन अब उसकी प्रेस पर छापामारी जैसी कार्रवाइयां व्यापक प्रतिक्रिया उत्पन्न कर रही हैं, तो ऐसे विरोध से वह पूरी तरह अप्रभावित बनी रहेगी, यह मानने की कोई वजह नहीं है। प्रेस फ्रीडम के बारे में जब अगली इंडेक्स रिपोर्ट आएगी, तब भारत सरकार उसे फिर चुनौती देगी, यह अनुमान लगाया जा सकता है। तब कहा जाएगा कि यह भारत की गलत समझ पर आधारित है। यह भी कहा जाएगा कि भारत एक लोकतंत्र है, जहां कानून का राज है। लेकिन किसी को यह छूट नहीं है कि वह भारतीय कानून का उल्लंघन करे। भले पश्चिमी सरकारें भारत में बनी स्थिति को नजरअंदाज किए रहे, लेकिन विश्व जनमत इस तर्क को पहले की तरह ही अस्वीकार करेगा, यह भी तय है। बीबीसी के दिल्ली और मुंबई स्थित दफ्तरों पर आयकर विभाग के कथित सर्वे की खबर ने वैश्विक मीडिया अधिकार और मानव अधिकार संगठनों को झकझोरा है। मसलन, इन प्रतिक्रियाओं पर गौर कीजिए। न्यूयॉर्क स्थित अंतरराष्ट्रीय संस्था कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) ने भारत सरकार से पत्रकारों को परेशान ना करने का आग्रह किया है। रिपोर्टर्स बिदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) ने इस कार्यवाही को भारत सरकार की किसी भी आलोचना को चुप कराने का प्रयास बताते हुए छापे की निंदा की है। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा है कि ये छापे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का घोर अपमान हैं। एमनेस्टी ने ध्यान दिलाया है कि पिछले साल टैक्स अधिकारियों ने कई एनजीओ के दफ्तरों पर छापा मारा था, जिनमें ऑक्सफैम इंडिया सहित कई गैर सरकारी संगठन शामिल थें। एमनेस्टी के भारत स्थित दफ्तर को बंद कराया जा चुका है। वैसे भारत में भी इस कार्रवाई की कम आलोचना नहीं हुआ है। एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने आयकर विभाग के सर्वे पर चिंता जताई है, तो प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, मुंबई पत्रकार संघ आदि जैसे संगठनों ने भी इसके खिलाफ आवाज उठाई है। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने भी इसे सीधे तौर पर आलोचना को दबाने की कार्रवाई बताया है। जाहिर है, वर्तमान भारत सरकार ऐसी टिप्पणियों की चिंता नहीं करती। अभी वह अपनी सत्ता को इतनी सुरक्षित मानती है कि जो लोग उसके समर्थक नहीं है, उनके बीच अपनी छवि की चिंता उसे नहीं होती। लेकिन अब जबकि ऐसी कार्रवाइयां व्यापक प्रतिक्रिया उत्पन्न कर रही हैं, तो ऐसे विरोध से वह पूरी तरह अप्रभावित रहेगी, यह मानने की कोई वजह नहीं है।

# मुद्दाः बरकरार रहे खाकी की धमक

**अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध कारोबारों पर छापेमारी तथा दर्ज मामलों की गहराई एवं पारदर्शिता के साथ अनुसंधान में लगी पुलिस बल को अगर स्वयं प्रताडना के दौर से गुजरना पड़े तो यह सिस्टम के लिए ठीक नहीं है। ऐसी स्थिति में पुलिस के लिए बेस्ट लीडरशिप, बुनियादी एवं तकनीकी सुविधाएं, मनोवैज्ञानिक प्रोत्साहन, प्रॉपर प्रिपरेशन और बदलते परिवेश के अनुरूप प्रशिक्षण अत्यावश्यक...**

डॉ. भीम सिंह भवेश

देशभर से पुलिसवालों पर हमला करने की घटनाएं देखने–सुनने को मिलती रहती है। खाकी के रूतबे को कमजोर करने की ऐसी वारदात कमोबेश सभी राज्यों का मसला है, मगर बिहार में हाल के वर्षो में खाकी के प्रति हिंसक हो जाने की प्रवृत्ति ज्यादा तेज हो चली है। विशेष कर शराबबंदी और अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने गई पुलिस बदमाशों के सीधे निशाने पर है। दरअसल, बदमाशों में खत्म होती खाकी की धमक का सीधा असर पुलिस की साख पर देखने को मिल रहा है।

नेशनल क्राइम रिपोर्ट ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार 2021 में पूरे देश में पुलिस और सरकारी अधिकारियों पर भीड़ या असमाजिक तत्वों के हमले के 334 मामले दर्ज हुए, जिनमें सर्वाधिक 97 कांड बिहार में, 46 मध्य प्रदेश और 31 कांड तेलंगाना में दर्ज हुए। इसी तरह 2020 के कुल मामलों में बिहार में 77 दर्ज हुए थे। आखिर पुलिस पर हमला हाल के दिनों में क्यों बढ़ा है? डेढ़ दशक पहले तक पुलिस की तो छोडिघ्ए गांव के चौकीदार को देख कर अपराधी भाग खड़े होते थे, लेकिन आज के हालात बिल्कुल बदल गए हैं। बदमाश सरेआम थाने पर हमला कर अपने साथियों को छुड़ा ले जाते हैं। इस बदलाव का प्रमुख कारण राजनीति में अपराधियों की तेजी से बढ़ी घुसपैठ है। यह घटनाएं तो बदमाशों में खाकी के खत्म होते खौफ की बानगी भर हैं। उत्तर प्रदेश की बात करें तो सरकार ने खुद विधानसभा में (वर्ष 2016) एक सवाल के जवाब में स्वीकार किया था कि पुलिस पर हमले की घटनाएं बढ़ी हैं। बिहार की बात करें तो हाल में अररिया जिले के फारबिसगंज, पटना में राजीव नगर, बक्सर के चौसा सहित समस्तीपुर, छपरा, हाजीपुर, बांका एवं कटिहार जिलों जिलों में पुलिस पर हमले हुए हैं। कहीं–कहीं पुलिस के हथियार छीनने के प्रयास किए गए।

सवाल है कि देश की आंतरिक सुरक्षा सहित विधि–व्यवस्था एवं विशेष परिस्थितियों की जिम्मेदारी संभाल रही पुलिस के साथ ऐसा क्यों हो रहा है? बिहार में पुलिस पर ज्यादातर हमले अवैध शराब एवं बालू खनन के विरुद्ध छापेमारी सहित अपराधियों की गिरफ्तारी के दरमियान घट रही हैं। कभी अनायास दुर्घटना विशेष पर भी स्थिति भयावह हो जाती है। इन घटनाओं के नेपथ्य में जाना होगा। बिहार में शराब प्रतिबंधित है। कुछ लोग देसी शराब निर्माण एवं बिक्री के धंधे में पीढियों से परंपरागत रूप से जुड़े हुए हैं। कुछ लोग शराबबंदी के बाद कम समय और कम पूंजी में अधिक मुनाफा की होड़ में इस धंधे को आत्मसात कर लिये हैं। हाल के दशकों में बालू व्यवसाय में तुरंत अमीर बनने के लालच में बड़ा समूह लग गया है। धनवान बनने की राह में जब पुलिस रोड़ा बनती है तो ये लोग उनसे भी खौफ नहीं खाते हैं। अमूमन घटनाओं में पुलिस पर हमला की शुरु आत प्रतिरोध से होता है, जिसे पुलिस अपने कुशल रणनीति से निबट भी सकती है।

पुलिस की प्रकृति हाल के वर्षो में बदली है। पहले पुलिस फोर्स थी, लेकिन आज पुलिस सेवा के रूप में देखी जा रही है। मामला अपराध का हो या विषम परिस्थिति में सहयोग का, आम से लेकर खास तक की निगाहें उसपर टिक जाती हैं, मगर अफसोस की बात है कि आमजन की सुरक्षा का दायित्व निभाने वाली खाकी खुद भी सुरक्षित नहीं है। कभी–कभी त्वरित घटना के आकलन का पुलिस के पास वक्त भी नहीं होता। वैसे पुलिस से वर्तमान दौर में अनावश्यक बल प्रयोग की अपेक्षा उचित नहीं है। हां, इस मामले में लीडरशिप भी एक प्रमुख कारक है। घटनाओं के विश्लेषण में राजनीतिक और प्रशासनिक लीडरशीप काफी मायने रखती है। दूसरी तरफ पुलिस को बदलते दौर में अपनी रणनीति पर भी विचार करना होगा। पुलिस को हर क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते हुए पब्लिक–पुलिस दोस्ती के धागे को मजबूत बनाना होगा, क्योंकि अब अंग्रेजी राज नहीं रहा, जो लाल टोपी देख लोग घरों में घुस जाएंगे। पुलिस की मानसिक स्थिति पर लगातार चोट पहुंचाया जा रहा है, इसपर भी गौर फरमाना होगा। वैसे खाकी के इकबाल को केवल बदमाश ही चुनौती नहीं दे रहे हैं। महकमे के भीतर भी पुलिसवालों की साख को कमजोर करने का खेल चलता है। मसलनय हाल ही में एक एएसपी द्वारा अपने मातहत सिपाहियों से मसाज कराने की घटना निचले क्रम के अधिकारियों के मनोबल को नुकसान ही पहुंचाएगी। कई बार नेताओं द्वारा वर्दी उतरवाने की धमकी से भी पुलिस मनोबल खोती है। अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध कारोबारों पर छापेमारी तथा दर्ज मामलों की गहराई एवं पारदर्शिता के साथ अनुसंधान में लगी पुलिस बल को अगर स्वयं प्रताडना के दौर से गुजरना पड़े तो यह सिस्टम के लिए ठीक नहीं है। ऐसी स्थिति में पुलिस के लिए बेस्ट लीडरशिप, बुनियादी एवं तकनीकी सुविधाएं, मनोवैज्ञानिक प्रोत्साहन, प्रॉपर प्रिपरेशन और बदलते परिवेश के अनुरूप प्रशिक्षण अत्यावश्यक है। हां, खाकी पर हमला करने वालों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल से सजा दिलाई जाए तभीबदमाशों में खाकी का खौफ रहेगा।

**इन संघर्ष में, पहले विश्व यु) के बाद के दौर में सोवियत संघ में मजदूरों के नेतृत्व में क्रांतिकारी बदलाव और दूसरे विश्व यु) के बाद, एक प्रभावशाली समाजवादी शिविर का उदय भी शामिल था, जिसके दबाव में व्यापक पैमाने पर निरुपनिवेशीकरण ही नहीं हुआ था, खुद विकसित पूंजीवादी दुनिया में कल्याणकारी राज्य का मश्वडल स्वीकार किया गया था, जो मेहनतकशों के अधिकारों को बढ़ाता...**

# नई पेंशन स्कीम : नहीं होने जैसा है

राजेंद्र शर्मा

हिमाचल प्रदेश के हाल के चुनाव में जनता के सत्ताधारी भाजपा के खिलाफ स्पष्ट जनादेश देने के बाद से पुरानी पेंशन बनाम नई पेंशन व्यवस्था के विवाद ने सभी प्रमुख राजनीतिक ताकतों को अपना नोटिस लेने के लिए बाध्य कर दिया है। इस अपेक्षाकृत छोटे हिमालयी राज्य में भाजपा के सत्ता से बाहर किए जाने के लिए राज्य सरकार कर्मचारियों के पुरानी पेंशन की बहाली की मांग के आंदोलन को, विशेष रूप से जिम्मेदार माना जा रहा है। भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकारों के नई पेंशन व्यवस्था का खुलकर बचाव करने के विपरीत सिर्फ वामपंथी पार्टियों ने ही नहीं, मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने भी पुरानी पेंशन योजना की बहाली के राज्य सरकार कर्मचारियों के व्यापक आंदोलन को अपना समर्थन देकर वर्तमान तथा भूतपूर्व कर्मचारियों के बड़े हिस्से को अपने पक्ष में कर लिया। इस मुद्दे के प्रभाव का ही सबूत है कि इस चुनाव के बाद राज्य में आई कांग्रेस की नई सरकार ने पहला बड़ा निर्णय कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने का ही लिया है। छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान की कांग्रेस सरकारें भी पहले ही पुरानी पेंशन की बहाली का ऐलान कर चुकी थीं। उसके बाद पंजाब तथा तमिलनाडु की विपक्षी सरकारों ने भी पुरानी पेंशन की बहाली का ऐलान कर दिया है। पुरानी पेंशन की बहाली का मुद्दा भले ही हिमाचल जैसे छोटे पर्वतीय राज्य में चुनावी लिहाज से निर्णायक नहीं हो, फिर भी इतना तय है कि राजनीतिक पार्टियों के लिए और खास तौर पर विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के लिए अब पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को अनदेखा करना मुश्किल होगा। जाहिर है कि यह कोई संयोग ही नहीं है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वी पार्टियों, समाजवादी पार्टी और बसपा, दोनों ने ही अपनी सरकार आने पर पुरानी पेंशन की बहाली का वचन दे दिया है, लेकिन पुरानी पेंशन में ऐसा क्या है, जो कमोबेश एक राय से देशभर के सरकारी कर्मचारी उसकी बहाली के लिए जोर लगा रहे हैं? दूसरी ओर, नई पेंशन में ऐसा क्या है, जो अपने चुनावी हितों के लिए चिर–सन्नद्ध भाजपा की मोदी सरकार, इस एक पूरे वर्ग की नाराजगी के बावजूद, नई पेंशन व्यवस्था को जारी रखने पर ही नहीं अड़ी हुई है, इस पर भी बजिद है कि पुरानी पेंशन को बहाल करने का फैसला ले चुकीं करीब आधा दर्जन राज्य सरकारें भी पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल नहीं कर पाएं। इसके लिए केंद्र सरकार ने अपना सबसे बड़ा हथियार इसकी जिद को बनाया है कि नई पेंशन व्यवस्था के अंतर्गत अब तक पुरानी पेंशन में संक्रमण चाहने वाले राज्यों के कर्मचारियों के पेंशन खातों में जो धन जमा हो गया है, उसे पुरानी पेंशन चालू करने के लिए, राज्यों को नहीं दिया जा सकता है। इसमें केंद्र सरकार ने कितना कुछ दांव पर लगा दिया है, इसका अंदाजा इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के ताजा अभिभाषण पर बहस के अपने जवाब में भी इशारतन पुरानी पेंशन योजना का समर्थन करने वाली सरकारों की यह कहकर आलोचना की थी कि उन्हें सोचना चाहिए कि कहीं वे आने वाली पीढियों पर असह्य बोझ तो नहीं डालने जा रही हैं!

तो क्या पुरानी पेंशन पर लौटना वाकई आज की पीढ़ी को खुश करने के लिए, आने वाली पीढियों के भविष्य को अंधकारपूर्ण बनाने का मामला है? इस सवाल से स्वाभाविक रूप से सवाल निकलता है–जब पुरानी पेंशन अपनाई गई थी, तब किसी को अहसास नहीं हुआ कि ऐसी पेंशन आने वाली पीढियों के भविष्य को अंधेरा करने जा रही है? पुरानी पेंशन व्यवस्था कहकर जिस तरह की व्यवस्था को अब नई व्यवस्था के करीब दो दशक के अनुभव के बाद लगभग सभी कर्मचारी वापस देखना चाहते हैं वह मूल रूप में तो स्वतंत्रता से भी पहले से चली आ रही थी। हां! स्वतंत्रता के बाद इसका काफी विस्तार जरूर हुआ था, लेकिन तब इसमें किसी को वैसे आर्थिक तबाही के बीज क्यों नहीं दिखाई दिए थे, जैसे आज सरकार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष–विश्व बैंक जैसी वैश्विक वित्तीय एजेंसियां दिखाना चाहती हैं? इस सवाल का जवाब वास्तव में मुश्किल नहीं है। जवाब विकास की उस नवउदारवादी संकल्पना में मिलेगा, जो हमारे देश में पिछली सदी के आखिरी दशक के आरंभ में विधिवत अपनाई गई थी और जिसे निजीकरण, वैीकरण तथा उदारीकरण के त्रिशूल के बल पर, उसके बाद से ही लगातार आगे बढ़ाया जाता रहा है।

पश्चिमी पूंजीवादी दुनिया में इसकी शुरुआत और डेढ़–दो दशक पहले ही हो चुकी थी। इस नवउदारवादी संकल्पना का केंद्रीय सूत्र एक ही है। उत्पादन की लागत में मजदूरी का हिस्सा उत्तरोत्तर घटाते रहा जाए ताकि उत्पाद में अतिरिक्त मूल्य या पूंजीपति के मुनाफे का, हिस्सा ज्यादा से ज्यादा हो सके। ऊंची वृद्धि दर और अभूतपूर्व तेजी से विकास की सारी लफ्फाजी अपनी जगह, नवउदारवादी रास्ते का सार यही है। इसी का नतीजा है कि सेवानिवृत्ति के बाद समुचित पेंशन की समुचित व्यवस्था को, जिसे आजादी के बाद कई दशक तक एक स्वाभाविक व्यवस्था समझा जाता था, पहले असह्य बोझ बनाया गया और अब तो उसकी मांग को, एक प्रकार से अपराध ही बना दिया गया है। बेशक, पेंशन की समुचित व्यवस्था पूंजीवादी व्यवस्था में खुद–ब–खुद विकसित हो गई हो। आठ घंटे के काम के दिन और हफ्ते में एक दिन की छुट्टी जैसी श्रम का अंधाधुंध दोहन करने पर अंकुश लगाने वाली अन्य व्यवस्थाओं की तरह ही सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन की व्यवस्था भी मेहनतकशों के लंबे और कठिन संघर्ष के फलस्वरूप व्यापक रूप से अपनाई गई थी।




# भारत और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखलाः हथियार डालती दिख रही ऑस्ट्रेलिया टीम, चोटिल हुए कई खिलाड़ी घर लौटे

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेली जा रही है। बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेली जा रही इस श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया की टीम 0–2से पिछड़ गई है। इन सबके बीच ऑस्ट्रेलिया की टीम की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। माना जा रहा था कि ऑस्ट्रेलिया इंदौर टेस्ट में भारत के खिलाफ मजबूत वापसी करेंगे। लेकिन ऐसा लग रहा है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बीच श्रृंखला में ही हथियार डाल दिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस जहां घरेलू कारणों की वजह से पहले ही घर लौट चुके हैं। तो वही ऑस्ट्रेलिया टीम के चार से पांच खिलाड़ी भी सीरीज से बाहर हो सकते हैं। इसका मतलब साफ है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पहले ही खराब फिटनेस की वजह से बाकी के बचे दो टेस्ट मैचों से बाहर हो चुके हैं। माना जा रहा है कि जोश हेजलवुड अब स्वदेश लौटेंगे और वहां अपने फिटनेस पर काम करेंगे। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी और सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर भी बचे हुए दो टेस्ट मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में भारत के मोहम्मद सिराज द्वारा डाली गई गेंद पर डेविड वॉर्नर ने सुरक्षात्मक तरीके से बल्लेबाजी करने की कोशिश की। गेंद उनके हेलमेट की ग्रिल पर लगने की वजह से वार्नर को चोट लगी। इसके बाद दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी से उन्हें बाहर कर दिया गया था। फिलहाल इन दोनों खिलाड़ियों का प्लेइंग इलेवन में शामिल संभव नहीं दिख रहा है।

इसके अलावा मैट रेनशॉ और एश्टन एगर ऑस्ट्रेलिया वापस जा सकते हैं। हालांकि राहत की खबर ऑस्ट्रेलिया के लिए यह आ रही है कि कप्तान पैट कमिंस इंदौर टेस्ट से पहले वापसी कर सकते हैं। अगर इंदौर टेस्ट से पहले अपने बाप से नहीं होती है तो ऐसी स्थिति में स्टीव स्मिथ कप्तानी करते दिखाई देंगे। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच तीसरा टेस्ट मुकाबला 1 से 5 मार्च के बीच इंदौर में खेला जाएगा जबकि चौथा टेस्ट मैच 9 से 15 मार्च के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। पहला टेस्ट मैच नागपुर में खेला गया था। इस मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को एक पारी और 132 रनों से हराया था। वहीं, दूसरे टेस्ट मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया। दोनों मुकाबले टीम 3 दिन में खत्म हो गए थे।

# खाली गेंदों की अधिक संख्या हमें पहले ही परेशान कर रही हैः हरमनप्रीत

गक्बेरहा। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीकार किया है कि स्ट्राइक रोटेट करने की भारत की अक्षमता 'चिंताजनक' संकेत हैं। उन्होंने कहा कि टीम चर्चा कर रही है कि महिला टी20 विश्व कप सेमीफाइनल से पहले खाली गेंद खेलने की लंबे समय से आ रही समस्या को कैसे हल किया जाए। भारत ने सोमवार को यहां डकवर्थ–लुईस पद्धति के आधार पर आयरलैंड को पांच रन से हराकर महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। हालांकि स्ट्राइक रोटेट करना भारतीय टीम के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के दौरान और फिर टी20 विश्व कप से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में भी टीम को स्ट्राइक रोटेट करने को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ा। मौजूदा टूर्नामेंट में इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ ग्रुप दो के मैच में भारत



ने क्रमशरू 51 और 41 खाली गेंद खेली। हरमनप्रीत ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''खाली गेंद खेलने की समस्या हमें परेशान कर रही है।'' उन्होंने कहा, ''अगले मैच में हम इस क्षेत्र में सुधार देखना पसंद करेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ हमने काफी अधिक खाली गेंद खेली। टीम बैठक में हम पहले ही इस समस्या पर चर्चा कर रहे हैं।''

कप्तान ने कहा, ''लेकिन कभी कभी जब दूसरी टीम काफी अच्छी गेंदबाजी कर रही होती है तो इन विकेटों पर 150 रन प्रतिस्पर्धी स्कोर होता है।'' आयरलैंड के खिलाफ भारतीय बल्लेबाज रन गति बढ़ाने में नाकाम रहे। भारतीय टीम सात रन प्रति ओवर से कम की गति से रन बना रही थी लेकिन चार जीवनदान पाने वाली स्मृति मंधाना ने अपनी पारी के दूसरे चरण में कुछ आकर्षक शॉट खेलकर रन गति में इजाफा किया। हरमनप्रीत ने कहा, ''विश्व कप मुकाबलों में हमेशा दोनों टीम दबाव में होती हैं। मुझे लगता है कि इन मुकाबलों में अगर आप 150 रन बना लेते हो तो आपका पलड़ा भारी रहता है।''

अपना 150वां टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलते हुए हरमनप्रीत तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरीं लेकिन तेज गति से रन नहीं बना सकीं और अंततरू 13 रन बनाकर आउट हो गईं। भारत को सेमीफाइनल में पांच बार के विजेता और खिताब के प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना पड़ सकता है। हरमनप्रीत ने कहा, ''अंत में अगर आप जीत दर्ज करते हैं तो आप संतुष्ट महसूस करते हैं लेकिन मुझे लगता है कि कुछ क्षेत्रों, विशेषकर बल्लेबाजी में हमें बैठकर बात करने की जरूरत है कि अगले मैच में हमें कैसे खेलना है।

# कोहनी की चोट के कारण डेविड वार्नर भारत के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट से बाहर

नयी दिल्ली। खराब फॉर्म से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर कोहनी में फ्रेक्चर के कारण मंगलवार को बोर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गये जिससे मेहमान टीम को झटका लगा। वार्नर चोट से उबरने के लिए सिडनी जाएंगे लेकिन उनके चार मैच की टेस्ट श्रृंखला के बाद तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत लौटने की उम्मीद है। एकदिवसीय श्रृंखला की शुरुआत 17 मार्च से मुंबई में होगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने एक बयान में कहा, ''डेविड वार्नर भारत के टेस्ट दौरे से बाहर हो गए हैं और स्वदेश लौटेंगे।'' बयान के अनुसार, ''वार्नर को दिल्ली में दूसरे टेस्ट में कोहनी पर चोट लगी थी और उन्हें हेयरलाइन फ्रेक्चर हो गया था। आगे की जांच में पता चला कि उन्हें रिहैबिलिटेशन से गुजरना होगा जिसके कारण वह टेस्ट श्रृंखला के बाकी हिस्से में नहीं खेल पाएंगे।''

इसमें कहा गया, ''वर्तमान में यह अनुमान लगाया गया है कि वह टेस्ट सीरीज के बाद तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए भारत लौटेंगे।'' ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद



सिराज की गेंद हेलमेट में लगने के बाद कनकशन (सिर में चोट लगने से बेहोशी जैसी स्थिति) की स्थिति के कारण दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में वार्नर की जगह मैथ्यू रेनशॉ ने ली थी। हेलमेट पर गेंद लगने से पहले एक गेंद बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के हाथ में भी लगी थी और उनकी कोहनी में हेयरलाइन फ्रेक्चर हो गया था। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज दो टेस्ट की तीन पारियों में सिर्फ 26 रन बना पाया है। ऑस्ट्रेलिया पहले दोनों टेस्ट गंवाकर चार टेस्ट की श्रृंखला में 0–2 से पीछे है। नयी दिल्ली में वार्नर की जगह ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में पारी का आगाज करने उतरे ट्रेविड हेड के एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने की उम्मीद है।

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पहले ही चोट के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। अंगुली से चोट से उबर रहे तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन भी पहले दो टेस्ट में नहीं खेले। हालांकि ग्रीन के इंदौर में खेलने के लिए फिट होने की उम्मीद है। वह दूसरे टेस्ट में चुने जाने के काफी करीब थे। इस दौरान उन्होंने नेट्स में तेज गेंदबाजों का सामना किया था। लेग स्पिनर मिचेल स्वेपसन भारत वापस आने वाले हैं। नागपुर में पहले टेस्ट के बाद वह अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट गए थे।

# प्रिंस हैरी और मेघन मार्कल की कानूनी लड़ाई में खर्च हुए टैक्स पेयर्स के 357,000 डॉलर

प्रिंस हैरी और मेघन मार्कल ने जनवरी 2020 में शाही परिवार



को छोड़ने और संयुक्त राज्य में रहने के अपने फैसले की घोषणा की, जिसके बाद उन्हें अपने शाही कर्तव्यों के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग करने की अनुमति नहीं थी। इसके अतिरिक्त, यूके होम ऑफिस ने युगल को शाही पुलिस एस्कॉर्ट के अधिकार से वंचित कर दिया। फिर, प्रिंस हैरी ने न्यायिक समीक्षा के लिए दायर किया। यह पहली बार था जब शाही परिवार के किसी सदस्य ने यूके सरकार के खिलाफ मामला दायर किया था। सूचना की स्वतंत्रता अधिनियम के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार यूके मीडिया ने बताया कि कानूनी लड़ाई में ब्रिटेन के करदाताओं को ख296,882 (+357,000) खर्च करना पड़ा है। 2021 में प्रिंस हैरी के एक प्रतिनिधि ने स्पष्ट किया कि उनकी कानूनी चुनौती का लक्ष्य ष्यूके में रहते हुए अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना था ताकि उनके बच्चे अपने देश को जान सकें।ष

# बाइक टैक्सी बैनः दिल्ली में प्राइवेट बाइक के कमर्शियल इस्तेमाल पर रोक, पकड़े जाने पर होगा चालान और जेल



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है। दिल्ली में बाइक टैक्सी के चलने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। इसको लेकर दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग में नोटिस भी जारी कर दिया है। इसका मतलब साफ है कि अब जिस भी बाइक का रजिस्ट्रेशन कमर्शियल व्हीकल के तौर पर नहीं होगा, उसका कमर्शियल इस्तेमाल किसी भी कीमत पर नहीं किया जा सकता है। यानि कि प्राइवेट बाइक किसी भी आर्थिक गतिविधि के लिए इस्तेमाल में नहीं लाया जा सकता है। दिल्ली में अब इसे तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। ऐसा करते हुए पाए जाने पर चालान काटे जाएंगे। अगर शख्स पहली बार पकड़ा जाता है तो 5000 रुपये का चलाना होगा। लेकिन, अगर दूसरी बार प्राइवेट बाइक का कमर्शियल इस्तेमाल किया जा रहा हो तब 10000 रुपये का जुर्माना होगा और आरोपी को जेल भी भेजा जा सकता है। इतना ही नहीं, बाइकर का लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। दिल्ली सरकार के नोटिस में यह भी कहा गया है कि बाइक पर यात्रियों को ढोना मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन है। सजा के तौर पर गाड़ी को जब्त भी किया जा सकता है। वहीं, एग्रीगेटर्स को भी चेतावनी दी गई है कि अगर उन्होंने अपने प्लेटफार्म यानी कि मोबाइल एप और वेबसाइट पर बुकिंग जारी रखी तो उनके खिलाफ भी मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी। इसमें 1 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है। साथ ही साथ उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया जा सकता है। इसको लेकर अब नोएडा में भी हलचल शुरू हो गई है। नोएडा में भी प्राइवेट बाइक का कमर्शियल इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ अभियान तेज हो गया है। आपको बता दें कि दिल्ली, मुंबई समेत कई बड़े शहरों में बाइक टैक्सी का इस्तेमाल खूब हो रहा है। लेकिन ज्यादातर जगहों पर सफेद नंबर प्लेट वाली प्राइवेट बाइक या स्कूटर का ही टैक्सी के रूप में इस्तेमाल हो रहा था। इसी पर केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने आपत्ति जताई थी। इस पर रोक लगने का मुख्य कारण लोगों की सुरक्षा और नियमों के पालन को सुनिश्चित करना है।

# रूसी संसद में बोले पुतिन, समस्याओं का समाधान नहीं चाहता अमेरिका, युद्ध हमारे लिए आखिरी विकल्प था

रूस और यूक्रेन के बीच पिछले 1 सालों से जंग लगातार जारी है। इन सबके बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आज रूसी संसद को संबोधित किया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हमने हालात सुधारने की हर कोशिश की। लेकिन अमेरिका ने अलग ही माहौल बनाया। रूस अपने लोगों की सुरक्षा कर सकता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रुस अपने लोगों की रक्षा करने में सक्षम है। हम किसी तरह का खून खराबा नहीं चाहते। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा है



कि अमेरिका ने सीरिया, इराक जैसा खेल खेला। अमेरिका समस्याओं के समाधान नहीं चाहता। रूस के राष्ट्रपति ने कहा कि पश्चिम ने शांति प्रस्ताव पर बात नहीं बनने दी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि युद्ध हमारे लिए आखिरी विकल्प था। हालांकि, हमने शांतिपूर्ण समाधान का काफी प्रयास किया। रूस में नाटो का दखल बढ़ रहा है। हम हर मुद्दे पर बातचीत से हल चाहते थे। पश्चिम ने बातचीत की कोशिश को नजरअंदाज किया। यूक्रेन ने शांति प्रक्रिया का मजाक बनाया। यूक्रेन ने हत्याओं को भी बढ़ावा दिया। पश्चिमी देश ताकत बढ़ाने के लिए लगातार हवा देने की कोशिश करते रहे। डॉनबास की समस्या हल करने के लिए भी हमने कई प्रयास किए हैं। पुतिन ने कहा कि हम इस समस्या को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे थे, इस कठिन संघर्ष से शांतिपूर्ण तरीके से बातचीत कर रहे थे, लेकिन हमारी पीठ पीछे एक बहुत ही अलग परिदृश्य तैयार किया जा रहा था।

# मेक्सिको में बस दुर्घटना में 17 प्रवासियों की मौत, 13 घायल

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के पुएबला राज्य में एक बस दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार कम से कम 17 प्रवासियों की




मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुएबला के गृह सचिव जूलियो हुएर्ता के अनुसार सभी मृतक प्रवासी थे। इनमें वेनेजुएला, कोलंबिया और मध्य अमेरिका के प्रवासी शामिल हैं। हुएर्ता ने कहा कि दुर्घटना रविवार को दक्षिणी राज्य ओक्साका से आने वाले एक राजमार्ग पर हुई। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि प्रवासी अपर्याप्त दस्तावेजों के साथ यात्रा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 45 में से 15 यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पांच को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनकी हालत गंभीर है। आठ अन्य को भी चोट आई हैं। सभी प्रवासी वयस्क थे।

# जावेद अख्तर के मुरीद हुईं कंगना रनौत, गिले–शिकवे भुलाकर खूब की तारीफ, कहा– पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा



हाल में ही गीतकार जावेद अख्तर ने पाकिस्तान को आईना दिखाया है। 26/11 आतंकवादी हमले की याद दिलाते हुए उन्होंने पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आतंकी आपके देश में सरेआम घूम रहे हैं। इसको लेकर जावेद अख्तर की खूब तारीफ भी हो रही है। वहीं, अब जावेद अख्तर की मुरीद कंगना रनौत की हो गई हैं। कंगना रनौत और जावेद अख्तर के बीच कभी वार–पलटवार का दौर हुआ था। लेकिन जावेद अख्तर के इस बात को सुनकर कंगना रनौत ने उनकी खूब तारीफ की है और कहा है कि वाह जावेद साहब.. आपने तो पाकिस्तान के घर में घुसकर मारा है। जावेद अख्तर की तारीफ में कंगना रनौत ने कहा कि जब मैं जावेद साहब की कविता सुनती हूं तो लगता था कि यह कैसे मां सरस्वती जी की इन पर इतनी कृपा है। लेकिन देखो कुछ तो सच्चाई होती है। इंसान में तभी तो खुदाई होती है उनके साथ में। जय हिंद। जावेद अख्तर साहब... घर में घुस के मारा। हा हा हा... हालांकि, यह बात भी सत्य है कि कंगना रनौत ने जिस तरीके से जावेद अख्तर की तारीफ की है उसे से कई लोगों को हैरानी हो रही है। हालांकि, दोनों के देश के मुद्दे पर एक राय बने हैं, इससे बड़ा और क्या होना चाहिए। कंगना ने जिस तरीके से जावेद अख्तर के साथ अपने गिले–शिकवे को बुलाकर उनकी सराहना की है, उससे यूजर्स भी भारतीय अभिनेत्री की तारीफ कर रहे हैं। दरअसल, जावेद अख्तर पाकिस्तान के फैज फेस्टिवल में शामिल होने के लिए गए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने तो नुसरत और मेहंदी हसन के बड़े–बड़े फंक्शन किए हैं। लेकिन आपके मुल्क में तो लता मंगेशकर का कोई फंक्शन नहीं हुआ है तो हकीकत यह है कि चलिए अब हम एक दूसरे पर इल्जाम ना दें। अहम बात यह है कि आजकल जो फिजा इतनी गरम है, वह कम होनी चाहिए।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम तो बंबई के लोग हैं, हमने देखा हमारे शहर पर कैसे हमले हुए थे। वह लोग नॉर्वे से नहीं आए थे, नाही इजिप्ट से आए थे। वह आपके मुल्के में अभी भी घूम रहे हैं, तो यह शिकायत अगर हर हिंदुस्तानी के दिल में है, आपको बुरा नहीं मानना चाहिए। आपको बता दें कि जावेद अख्तर ने करना नोट के खिलाफ 2020 में मानहानि का केस किया था। तभी से दोनों के बीच लगातार तनाव बना हुआ है।

# रुपया शुरुआती कारोबार में तीन पैसा लुढ़ककर 82.76 प्रति डॉलर पर

मुंबई ।अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी



मुद्रा के मुकाबले तीन पैसे टूटकर 82.76 के भाव पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से रुपये की गिरावट सीमित रही और वह सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.76 के भाव पर कमजोर खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की कमजोरी को दर्शाता है। पिछले कारोबारी दिवस पर, सोमवार को रुपया 82.73 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत चढ़कर 104.05 पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.11 प्रतिशत गिरकर 83.14 डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सोमवार को शुद्ध रूप से 158.95 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## ढाबे में युवती से दरिंदगी, दो गिरफ्तार

देवरिया/भाटपाररानी। भाटपाररानी रेलवे स्टेशन के पास एक ढाबे में रविवार की रात युवती से सामूहिक दुष्कर्म किया गया। वह रात दो बजे खून से लथपथ अर्धबेहोशी की हालत में प्लेटफॉर्म पर मिली। उसकी हालत से आशंका है कि आरोपियों ने वहशियाना हरकत की है। घटना को ढाबा मालिक और उसके कर्मचारी ने अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों को . सुबह गिरफ्तार कर लिया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के मुताबिक, युवती मूल रूप से बिहार के बगहा क्षेत्र की रहने वाली है। परिजन अब दिल्ली के मयूर बिहार में रहते हैं। वह किसी परिचित के साथ गोरखपुर से पैसेंजर ट्रेन में बैठी थी। परिचित से कहासुनी होने के बाद वह भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर रात सवा नौ बजे उतर गई। स्टेशन में बेंच पर बैठी युवती को दो युवकों ने यह कहकर झांसे में ले लिया कि यह स्थान सुरक्षित नहीं है। वह उनके साथ चले। उसके बाद दोनों उसे पास स्थित एक ढाबे में ले गए। वहां उसके साथ दरिंदगी की। युवती की हालत बिगड़ने पर आरोपी उसे ढाबे पर ही छोड़कर भाग गए। युवती किसी तरह रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म तक पहुंची। उसकी हालत देखकर लोगों ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। रात 2रू25 बजे भाटपाररानी पुलिस युवती को लेकर पीएचसी गई। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. इमाम हुसैन ने बताया कि युवती के निजी अंग में गहरा जख्म है। इसलिए रक्तस्राव अधिक हो रहा है। टांके लगाने पड़े हैं। अब उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। डीएम और एसपी ने भी युवती का हाल जाना। पीड़ित युवती के रिश्तेदार भी पहुंच गए हैं। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपी ढाबा मालिक बेलपार पंडित निवासी दीपक जायसवाल और कर्मचारी बड़का गांव निवासी रोहित को गिरफ्तार कर लिया गया है। शक के आधार पर कुछ अन्य युवकों को भी पकड़ा गया है। सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिर में तोड़फोड़ के मामले में पूर्व ग्राम प्रधान समेत छह पर मुकदमा

निचलौल (महराजगंज)। थाना क्षेत्र के सेमरहना गांव के प्राचीन मंदिर गुरु गोरखनाथ बाबा छत्रनाथ, माता चंडीशक्ति पीठ, भगवान शंकर पार्वती मठ में तोड़फोड़ कर महंथ को धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने महंत की तहरीर के आधार पर आरोपी पूर्व ग्राम प्रधान सहित छह लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। मंदिर के महंत संतोष उर्फ संतोषी नाथ गिरी ने बताया कि मंदिर पर मेरी अनुपस्थिति में एक व्यक्ति करीब एक माह से मंदिर व ग्राम सभा में घूमता रहा। इसी दौरान उस व्यक्ति ने कुछ लोगों के साथ मिलकर प्राचीन मंदिर गुरु गोरखनाथ, बाबा छत्रनाथ, तपोस्थली गर्भ गुफा मंदिर में तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं, तोड़फोड़ करने वाले आरोपी ने मंदिर के प्राचीन धरोहर भी उठा ले गए। मंदिर परिसर में लगे सागौन के दो पेड़ भी कटवा दिया। विरोध करने पर महंथ तथा साधु– संतों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। महंत ने बताया कि तोड़ फोड़ की घटना पांच फरवरी को हुई थी। जब कि वह तीर्थ यात्रा पर गए थे। प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता ने कहा कि इस मामले में पीड़ित महंत संतोष उर्फ संतोषी नाथ गिरी की तहरीर की आधार पर आरोपी पूर्व ग्राम प्रधान रामू उर्फ राकेश, राजेंद्र, प्रद्युम्नधर दुबे, मल्लू सिंह, चेतन निवासी सेमरहना तथा सदानंद दुबे निवासी निवासी लेदवा थाना सिंदुरिया के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## नेपाल से अयोध्या के लिए पैदल यात्रा पर निकले दो युवा

ठूठीबारी (महराजगंज)। शांति का संदेश लेकर नेपाल नवलपरासी से अयोध्या के लिए दो युवक पैदल यात्रा पर रवाना हो गए। नेपाल नवलपरासी जिले के हकुई निवासी नवीन यादव व बरगदवां बाजार निवासी मित्रसेन यादव नवलपरासी नेपाल से दोनों देश का राष्ट्रीय ध्वज लेकर अयोध्या के लिए पैदल यात्रा पर निकल पड़े। युवकों ने बताया कि भारत नेपाल के निवासी सनातन धर्म को मानते हैं। धर्म सांस्कृतिक की रक्षा एवं दोनों देश के बीच रोटी बेटी का संबंध प्रगाढ़ बनाना हम सबका कर्तव्य है।

## अवैध खनन के कारण ओटीपी लश्क कर दिया गया

नौतनवां (महराजगंज)। तहसील क्षेत्र के सिरसिया खास में रोहिन नदी घाट पर पट्टे की आड़ में हो रहे अवैध बालू खनन की जांच हुई। खनन अधिकारी आरके सिंह ने ओटीपी लॉक कर दिया। सिरसिया खास गांव में रोहिन नदी घाट पर बालू खनन के लिए 22 दिसंबर 2022 को सुरेंद्र के नाम से पट्टा जारी किया गया था। जहां से बालू खनन कराया जा रहा था। शिकायत हुई कि पट्टे की भूमि के अतिरिक्त दूसरी जगह पर अधिक क्षेत्रफल में खनन किया गया है। खनन अधिकारी आरके सिंह ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने देखा कि पट्टे के सीमांकन क्षेत्र के अलावा दूसरी जगह पर अवैध रूप से बालू का खनन किया गया है। तत्काल ओटीपी लॉक कर दिया गया। आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी गई है।

## ट्रैक्टर का चोरी गया पहिया बरामद,1 गिरफ्तार

मीरजापुर। अदलहाट क्षेत्र के कोलउन्द ग्राम में खड़ी ट्रैक्टर का चोरी गया पहिया को पुलिस ने बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसआई रणविजय सिंह को सूचना मिली कि एक युवक जो ट्रैक्टर का पहिया खोला था, टेंगरा मोड़ पर मौजूद है ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ लिया कड़ाई से पूछताछ करने पर वह टूट गया और उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसके निशान देही पर चोरी गए चोरी के ट्रैक्टर के पहियों को बरामद किया गया। गिरफ्तार करण बिंद पुत्र धर्मवीर बिंद ग्राम नियामताबाद थाना मुगलसराय चंदौली का निवासी है।

## महिला यात्री का बुर्काधारी महिला ने पार किया 2 लाख, मचा हड़कंप

मीरजापु। शास्त्री पुल मिर्जापुर से ऑटो में बैठी एक महिला यात्री के पर्स से बगल में बैठी बुर्का पहनी एक महिला ने लगभग दो लाख की आभूषण किया साफ। महिला के पति ने घटना के संबंध में चील्ह थाना में तहरीर दिया है। बताया जाता है कि कुसुम मिश्रा पत्नी संतोष कुमार मिश्रा निवासी करिया मऊ नई बस्ती थाना औराई जनपद भदोही अपने मायके मऊगंज मध्य प्रदेश से गृह प्रवेश में सम्मिलित होकर अपने बहन का लड़का मनु के साथ घर वापस लौट रहे थे कि 19 फरवरी रविवार को शास्त्री पुल मिर्जापुर से एक ऑटो पर बैठकर औराई जा रही थी, कि चील्ह थाना क्षेत्र के पुराने बाड़ा में बुर्का पहनी एक महिला ने कुसुम मिश्रा के बगल में बैठ गई, और कुसुम मिश्रा के पर्स से लगभग दो लाख की आभूषण चुराकर पुरजागीर में ऑटो से उतर गई तथा पुनः वापस दूसरे आटो से चली गई। बताया जाता है कि जब कुसुम मिश्रा ने अपने घर पर पहुंच कर पर्स को देखा तो उसके पर्स से आभूषण गायब थे। ऐसा देखकर कुसुम के होश उड़ गए और उन्होंने घटना की जानकारी अपने पति संतोष मिश्रा को दिया। संतोष मिश्रा ने घटना की जानकारी बुर्का पहने महिला की जानकारी पुरजागीर सीसीटीवी कैमरे में देख कर चील्ह थाना में चोरी की घटना की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। क्षेत्र में बढ़ रही इस तरह की घटना से आम यात्री एवं नागरिक परेशान हो चुके हैं। पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराया जाता है।

# खुखुंदू जैन मंदिर को विकसित करने की तैयारी

## नौवें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत नाथ की जन्मस्थली होने से खुखुंदू का नाम चहुंओर है विख्यात

खुखुंदू। जैन धर्म के नौवें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत नाथ की जन्मस्थली होने से खुखुंदू का नाम चहुंओर विख्यात है। अब इस क्षेत्र को बड़े तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित करने की तैयारी चल रही है। मंदिर परिसर को वृहद रूप में संवारने के लिए तकरीबन तीन करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसमें 1.40 करोड़ की पहली किस्त स्वीकृत हो गई है।

प्राचीन जैन मंदिर के जीर्ण–शीर्ण अवस्था में पहुंचने के बाद जैन समाज के लोगों द्वारा तकरीबन एक दशक पूर्व में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया। उसमें भगवान पुष्पदंत नाथ की नौ फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। कीमती पत्थरों से बना यह मंदिर दूर से ही आकर्षण का केंद्र बना रहता है।

हालांकि, शासन स्तर से अब तक मंदिर परिसर में कोई निर्माण कार्य नहीं कराया गया था। समाज के लोगों द्वारा तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित करने की हमेशा मांग की जा रही थी। जैन समाज की मांग को ध्यान में रखते हुए वर्तमान सरकार ने पहली बार शासन से धन अवमुक्त कराया है।

शासन की ओर से पर्यटन विभाग और कार्यदायी संस्था को जारी किए गए पत्र में तकरीबन तीन करोड़ की लागत से मंदिर परिसर में विकास कार्य कराने का जिक्र है। इसकी पहली किस्त एक करोड़ चालीस लाख रुपये स्वीकृति हो गई है।

ये है मंदिर का इतिहास

खुखुंदू नगरी पहले काकंदी नगरी नाम से विख्यात था। मंदिर में स्थापित कीर्ति स्तंभ और शिलापटों पर अंकित मान्यताओं के मुताबिक यहां इक्ष्वाकुवंशीय क्षत्रिय महाराजा सुग्रीव की महारानी जयरामा थीं। महारानी के गर्भ से मगसिर शुक्ला प्रतिपदा के मूल नक्षत्र में नौवें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत नाथ महाराज का जन्म हुआ था। इस अवसर पर सौ धर्म इंद्र और असंख्य देव–देवियों ने यहां पहुंचकर भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया था। इनके शरीर का वर्ण चंद्रमा की तरह श्वेत था। भारत के दिगंबर जैन तीर्थ भाग–1 में काकंदी नगरी के परिचय में अनेक ऐतिहासिक तथ्यों का उल्लेख भी मिलता है। 1871 में प्रकाशित कनिंघम के सर्वेक्षण रिपोर्ट में भी इस स्थान की विशद विवेचना मिलती है। यहां के घने जंगलों में भगवान पुष्पदंत नाथ ने वर्षों तपस्या की थी। बताया जाता है कि महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर है। जबकि भगवान पुष्पदंत नाथ नौवें तीर्थंकर हैं। इनका दूसरा नाम सुविधि नाथ भी है।

सड़क की पटरियों पर गंदगी का अंबार

खुखुंदू। यहां का जैन मंदिर जैन धर्मावलंबियों के साथ–साथ क्षेत्र के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके सड़क की दोनों पटरियों पर गंदगी का अंबार लगा है। इसके अलावा दिन पर दिन सड़क संकरी होती जा रही है। वर्तमान में चौराहे से कुछ दूरी तक तक तो सड़क ढलाई हो गई है। मगर बाकी सड़क मंदिर तक टूटी–फूटी है। मरम्मत न होने से इन दिनों सड़क खस्ताहाल हो गई है। मंदिर के प्रबंधकध्युजारी बसंत लाल जैन ने बताया कि कई बार शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

# हाईस्कूल गणित प्रश्नपत्र के लिए रहेगी अधिक चौकसी

देवरिया। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल के गणित की परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन अधिक सावधान दिख रहा है। गणित विषय को लेकर नकल माफिया सहित संवेदनशील केंद्रों पर भी एसटीएफ एवं सचल दल की विशेष नजर रहेगी। इसके लिए सभी को ही अलर्ट कर दिया गया। कंट्रोल रूम को भी निगरानी में सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए हैं। हाईस्कूल के गणित में पिछले सालों का अनुभव देखते हुए इस बार ज्यादा चौकसी बरती जा रही है। जनपद के नकल माफिया कठिन माने जाने वाले इस विषय में पूर्व में खेल करते रहे हैं। इसे लेकर जिले की लगातार बदनामी भी शिक्षा जगत में होती रही है। यही कारण है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 16 संवदेनशील जिले में इस बार देवरिया को भी शामिल किया है। डीआईओएस विनोद कुमार राय ने बताया कि गणित के प्रश्नपत्र के लिए सभी टीमों को सक्रिय किया गया है। छह सचल दल अधिक से अधिक केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों को ज्यादा सक्रिय रहने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि गणित के प्रश्नपत्र में कहीं से भी नकल की सूचना मिली तो केंद्र व्यवस्थापक को सीधे जिम्मेदार माना जाएगा और शासन की मंशा के अनुरूप उन पर कार्रवाई होगी। रात में कई केंद्रों पर जाकर देखी व्यवस्थाः डीआईओएस ने रात में कई केंद्रों पर जाकर अगले दिन की परीक्षा की तैयारी व्यवस्था को परखा। इसमें ठाकुरजी धनुषधरी महाराज इं.कॉ. विशुनपुर कला, आरएस उमावि. विशुनपुर कला, श्रीमती गुजराती देवी स्मारक आंबेडकर इं.कॉ.धुसवा, इशारा पब्लिक इं.कॉ.मलघोच विरैचा, देवनंदन इं.कॉ.बिरछापट्टी, सेंट्रल पब्लिक हाईस्कूल बघौचघाट, श्रीराधा कृष्ण इं.कॉ.पथरदेवा सहित अन्य केंद्र शामिल रहे। 534 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी परीक्षाः यूपी बोर्ड की परीक्षा में हाईस्कूल के गृह विज्ञान के प्रश्नपत्र में पंजीकृत 13,570 में 12,381 उपस्थित एवं 429 अनुपस्थित रहे। इंटर में वाणिज्य वर्ग के लेखाशास्त्र विषय में पंजीकृत 842 में 737 उपस्थित एवं 105 उपस्थित रहे।

सीबीएसई 12वीं की हिंदी में 55 परीक्षार्थी नहीं हुए शामिलः देवरिया। जिले के 10 केंद्रों पर सीबीएसई बोर्ड की 12वीं में हिंदी के प्रश्नपत्र में 55 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला समन्वयक एवं सेंट जेवियर्स स्कूल सलेमपुर के प्रधानाचार्य वीके शुक्ल ने बताया कि सभी 10 केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा सुबह साढ़े 10 से दोपहर 1रू30 बजे तक हुई। परीक्षार्थियों को प्रवेश सुबह नौ बजे से ही होने लगा और 10 बजे इसे बंद करा दिया गया। हिंदी में पंजीकृत 3062 परीक्षार्थियों में 3007 उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का ओएस बाल कुन्दन फाउण्डेशन गड़ौली धाम गड़ौली, में किया गया आयोजन

मीरजापुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) ओ एस बाल कुन्दन फाउण्डेशन गड़ौली धाम गड़ौली, विकास खण्ड– मझवां मीरजापुर में आयोजित कराया गया, जिसमें विकास खण्ड– कोन के 23, विकास खण्ड– मझवां के 44, विकास खण्ड– सीखड़ के 15, विकास खण्ड– सीटी के 58, नगर पालिका परिषद मीरजापुर के 8 एवं नगर पंचायत कछवां के 5, कुल 153 जोड़ों (अनुजा के 97, अन्य पिछड़ा वर्ग के 52, सामान्य वर्ग के 1 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 3) का सामूहिक विवाह सकुशल सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि लोकप्रिय सांसद केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, जिलाध्यक्ष अपना दल (एस) ई रामलौटन बिन्द, ब्लाक प्रमुख कोन, ब्लाक प्रमुख मझवां, ब्लाक प्रमुख सीखड़, ब्लाक प्रमुख सीटी, सुनील ओझा संस्थापक गड़ौली धाम, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण मीरजापुर, खण्ड विकास अधिकारी कोन, खण्ड विकास अधिकारी मझवा, खण्ड विकास अधिकारी सीखड़, खण्ड विकास अधिकारी सीटी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कछवा एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी मीरजापुर उपस्थित होकर नव दम्पतियों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। सांसद, केन्द्रीयमंत्री वाणिज्य कर एवं उद्योग अनुप्रिया पटेल ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी नव–वैवाहिक जोड़ों को उनके सुखद एवं सुखमय जीवन की कामना की, साथ ही प्रत्येक वर दूध को उपहार हेतु दी जाने वाली सामग्रियों को एवं प्रमाण–पत्र वितरित किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के उत्थान एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध है एवं सरकार द्वारा आर्थिक रूप से गरीब परिवारों, बेसहरा व्यक्तियों के बहुत सी कल्याणकारी योजनायें चलायी जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत ऐसे माता–पिता जो आर्थिक रूप से अपनी पुत्री की शादी करने में सक्षम नहीं है, वह सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर अपनी पुत्रियों की शादी करा पा रहे है। सांसद, महोदया ने मुख्यमंत्री को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित करने के लिये आभार व्यक्त किया, साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिये शुभकामनायें भी दी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत प्रति जोड़ो की शादी में कुल धनराशि रू 51000 के सापेक्ष कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि रू 35000 कन्या बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी। साथ ही विवाह संस्कार के लिये रू 10000की धनराशि का आवश्यक सामग्री (कपड़े, बिछिया, पायल (चांदी की) तथा 7 बर्तन) दिया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम आयोजन हेतु भोजन, पण्डाल, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु रू. 6000 प्रति शादी की दर से कार्यक्रम आयोजक को दिया जायेगा।

# वाहन चोरों के गिरोह का भंडाफोड़ 21 मोटरसाइकिल बरामद, सात गिरफ्तार

प्रयागराज। ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में बाइक चोरी कर पुलिस प्रशासन के लिए सिरदर्द बने बाइक लिफ्टर गिरोह का भंडाफोड़ नैनी पुलिस ने किया है। नैनी थाना क्षेत्र के यमुना पुल के नीचे से सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, उनके पास से 21 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। यह लोग शादी घर, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के आसपास से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देने एवं चोरी की गाड़ियों को बेचने का काम किया जाता रहा है। पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान डीसीपी जमुना नगर संतोष कुमार मीणा ने बताया कि गैंग सरगना प्रियस उर्फ रचित श्रीवास्तव द्वारा गैंग के सहयाग से पिछले कुछ समय से भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, शादी घर, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के आसपास खड़ी मोटर साइकिल को चोरी करने एवं गाड़ियों के पुर्जो में हेर फेर कर उसके चेचिस नंबर को मिटाकर कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों में बेचने का काम करते थे, और इस कार्य में प्राप्त धन को रचित श्रीवास्तव द्वारा सभी लोगों के बीच वितरित कर दिया जाता था। आगे जानकारी देते हुए बताया कि यह सभी एक गैंग से संबंधित हैं, और कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर वाहनों को कम दामों पर ऐसे ग्रामीणों को बेच दिया करते थे जिनको सस्ते गाड़ियों की जरूरत हुआ करती थी। अभी तो इन लोगो ने कई मोटरसाइकल को इसी प्रकार से बेचा है । इनकी निशानदेही पर अभी तक 21 और गाड़िया बरामद की गई है तथा यह पता लगाया जा रहा है कि इनके गैंग के और कोई सदस्य है या नहीं एवं इनके द्वारा और कितनी गाड़ियों की चोरी की गई है, एवं यह गाड़ियां कहां बेची गई है इसका भी पता लगाया जा रहा है। गैंग में सरगना प्रियस उर्फ रचित श्रीवास्तव निवासी बरगढ़ जनपद चित्रकूट हाल पता मछली गेट शक्ति नगर चौक थाना नैनी, राजू हरिजन निवासी छोटा चाका थाना नैनी, राजकुमार उर्फ रिंकू निवासी महेवा खान चौराहा थाना नैनी, अरबाज अहमद निवासी घूरपुर खास थाना घूरपुर, मलखान सिंह निवासी थाना घूरपुर, मोहम्मद के उर्फ छोटू, निवासी महेवा नई बस्ती थाना नैनी, संजय कुमार निवासी घूरपुर खास थाना घूरपुर शामिल थे।

## ग्राम प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल मिला खंड विकास अधिकारी से बताई समस्याएं

लालगंज, मीरजापुर। विकासखंड लालगंज के प्रधान संघ की अध्यक्ष अनिता गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मनरेगा योजना केवाईसी की समस्या निराकरण किए जाने की मांग को लेकर खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव को ज्ञापन दिया। ग्राम प्रधानों ने दिए गए ज्ञापन में बताया कि बैंक द्वारा केवाईसी समय से नहीं किया जा रहा है। इसके कारण मनरेगा के मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं हो पा रहा है। मजदूरों का दिनों दिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्राम प्रधान शांति देवी ने बताया कि यह बैंकों की लापरवाही मजदूरों पर भारी पड़ रही है । इससे विकास का कार्य गांव का रुका हुआ है ।जिसकी जांच कर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है। खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि बैंक प्रबंधकों से बात की जा रही है और केवाईसी समस्या का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए चौपाल लगाकर समाधान करने का प्रयास होगा। लेकिन असंतोष व्यक्त करते हुए महिला प्रधान विमला देवी ने मांग किया कि मनरेगा योजना केवाईसी के पेंच में उलझ कर रह गई है। यही प्रधान कुसुम दुबे ने मांग किया कि गांव स्तर पर बैंक द्वारा चौपाल लगाकर मनरेगा के मजदूरों की केवाईसी का निराकरण किया जाए। इस दौरान अमरेश दुबे ,शारदा सिंह, राजनारायण पाल, रामनरेश, राजकुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 10 वर्ष की सजा

मिर्जापुर। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट के न्यायधीश संतोष कुमार त्रिपाठी द्वारा 16 वर्ष के नाबालिक के साथ बलात्कार करने वाले दोषी को 10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। अभियोजन के अनुसार वादी मुकदमा वकील खान पुत्र जलील खान निवासी बड़ी बसही थाना कोतवाली कटरा मिर्जापुर द्वारा 8 अप्रैल 2014 को लिखित दिया गया कि, 7 अप्रैल 2014 को वादी मुकदमा अपने परिवार के साथ भारतगंज गया था और वादी मुकदमा के घर में वादी मुकदमा की नाबालिक लड़की पीड़िता जिसकी उम्र 16 वर्ष है और सास फातिमा सोई हुई थी। लगभग 1 बजे रात जवादी मुकदमा की नाबालिग पुत्री पीड़िता शौच के लिए घर से बाहर आई और घर के अंदर जाने लगी तो पड़ोस का आसिफ पुत्र नन्हे घर में घुस आया और वादी मुकदमा की लड़की के साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। वादी मुकदमा की लिखित तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली कटरा द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले को सिद्ध करने के लिए विशेष लोक अभियोजक सनातन सिंह द्वारा कुल आठ गवाह न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एवं पत्रावली में मौजूद साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा आसिफ खान पुत्र अनीश खान निवासी बड़ी बसही थाना कोतवाली कटरा जिला मिर्जापुर को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और ₹27000 के अर्थदंड से दंडित किया गया।

## अकीदत के साथ मनाया गयाहजरत शहीद मरद शाह रहमत उल्लाह का सालाना उर्स

प्रयागराज। बहादुर गंज हजरत शहीद मरद शाह रहमत उल्ल्हा का दो रोजा उर्स मुबारक बहादुरगंज में स्तिथ दरगाह में अकीदत व एहतेराम से मनाया गया। बाद नमाज फज्र कुरआनखानी की रस्मों के साथ गुल पेशी फातेहा और दुआ का एहतमाम किया गया। जिस में मुल्क की सलामती व अमनो चौन कि दुआये की गई। फातिहा कुल और नात खानी महफिले समा कौवाली का भी एहतेमाम किया गया। अकीदत मन्दों ने तबरकात व लंगर हासिल किया। जायरिनों ने अपनी मन्नतें मुरादे पेश की। इस मौके पर सज्जाद गाह के उलमाए एकराम भी शामिल हुये। मुतवल्ली हामिद कुरैशी उर्फ पुनऊ लाल दरगाह खादिम असद कुरैशी, सेरु, हाजी अशफाक, मौलाना नादिर हुसैन, हाफिज रिजवान, मो सारुक,पप्पू मोइन,ने शिरकत की और बड़ी तादात में जायरीनों ने दुआएं की।

## पेश की समाज सेवा की मिसाल

प्रयागराज। बाई का बैग,सड़क पर लावारिस अवस्था में जिंदगी और मौत से जूझ रहे एक असहाय व्यक्ति को समाजसेविका निशा मिश्रा, पूनम यादव और मनोज निषाद समाजसेवी ने 112 डायल कर पुलिस कि मदद से अस्पताल पहुंचाकर पुण्य का कार्य किया है। उक्त व्यक्ति कई दिनों से बाई का बाग रोड पर पड़ा हुआ था, समाजसेविका निशा मिश्रा,पूनम यादव और मनोज निषाद समाजसेवी ने उक्त व्यक्ति को देखा तो वह बहुत ही कमजोर और बीमार नजर आया। जिस पर उन्होंने बिना किसी देरी के तुरंत इसकी जानकारी 112 पुलिस को दी, पुलिस ने एम्बुलेंस को बुलवाया और उक्त व्यक्ति को स्वरुप रानी नेहरु चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। समाजसेविका निशा मिश्रा, पूनम यादव और मनोज निषाद समाजसेवी व पुलिस प्रशासन के इस कदम की प्रशंसा हो रही है। समाजसेवियों ने पुलिस टीम का आभार जताते हुए कहा कि इस पुण्य के कार्य में पुलिस कर्मचारियों ने अपना पूरा सहयोग दिया और अन्य समाजसेवी को भी ऐसे बेसहारा व कमजोर लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।

## कांग्रेस अधिवेशन से पहले ईडी की कारवाई निंदनीयः किशोर वार्ष्णेय

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने रायपुर, छत्तीसगढ़ में होने वाले कांग्रेस अधिवेशन के ऐन चार दिनों पूर्व कांग्रेस नेताओं के आवासों और दफ्तरों पर ईडी की छापेमारी की निंदा करते हुए इसे सरकार की बौखलाहट व हताशा बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश के तमाम राज्यों में ईडी सरकार के इशारे पर चुनावों, अधिवेशनों अथवा अन्य खास आयोजनों के पहले कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाती है, जो कायराना हरकत के अलावा कुछ भी नहीं है। उन्होंने लखनऊ में मीडिया कर्मियों से हुई बदसलूकी को देश के चौथे स्तम्भ पर हमला बताया है।

# पांच दिवसीय रोवर्स–रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा,सोनभद्र। रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है, अजो सदैव समाजसेवा व राष्ट्र सेवा के लिए तैयार रहते है। रोवर्स रेंजर्स को आपातकाल के लिए तैयार किया जाता है जिसके अंतर्गत उन्हें तंबू बनाना, सेतु बनाना,प्राथमिक सहायता, बिना बर्तन का भोजन बनाना, संकेत वार्ता जैसे महत्वपूर्ण विषय की जानकारी दी जाती है। जब भी आप लोगों को अवसर मिले मानव कल्याण के काम में लगे रहे। उक्त बातें राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा में सोमवार को चल रहे रोवर्स रेंजर्स के पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार ने कही। तत्पश्चात रोवर्स रेंजर्स को वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ राधाकान्त पाण्डेय व डॉ अमूल्य कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात फलक, रोज, खुशबू ने सरस्वती वंदना, व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। एवं श्रद्धा, विष्णुप्रिया, रोज, सुधा द्वारामहाविद्यालय कुल गीत गाया गया। अतिथियों को स्कार्फ लगाकर सम्मानित किया गया।



उसके बाद रोवर्स रेंजर्स द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये जिसमें गीत, भजन, नाटक, नृत्य, शामिल रहे। कार्यक्रम रोवर्स के प्रभारी, आयोजन मंत्री डॉ राजेश प्रसाद ने शिविर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पाँच दिनों में रोवर्स रेंजर्स को शिविर के नियम, रोवर्स रेंजर्स के नियम, प्रतिज्ञा, चिन्ह, सैल्यूट, बायां हाथ मिलाना, सीटी का संकेत, ध्वज का ज्ञान, टोली विधि, स्वास्थ्य के नियम, गाँठ फास बंधन, मार्च पास्ट, कलर पार्टी, ध्वज शिस्टाचार, तम्बू बनाना, पुल बनाना, सैंड स्टोरी, किम्स गेम, हस्त कला प्रदर्शन, दल अभिलेख, निबन्ध, पोस्टर, सामान्य ज्ञान, इकोरेस्टोरेशन, प्राथमिक चिकित्सा, लोक गीत–लोक नृत्य, नाटक, झाँकी, नाइट स्काउटिंग, रोल प्ले, वर्दी जैसे विषय की जानकारी रोवर्स रेंजर्स के प्रशिक्षक राधा मोहन सिंह व श्रीमती किरन द्वारा दी गयी। समापन समारोह के अवसर डॉ महेंद्र प्रकाश, डॉ किरन सिंह डॉ रंजीत कुमार सिंह, डॉ उपेन्द्र कुमार, प्रमोद केशरी, महेश पाण्डेय, धर्मेंद्र कुमार, सरफुद्दीन समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त सुनील कुमार सिंह ने किया।

## नैमिषारण्य 84 कोसी परिक्रमार्थियों की रास्ते की साफ सफाई करते ग्रामीण लोग

दैनिक बुद्ध का संदेश

संदना,सीतापुर। चौरासी कोषीय परिक्रमा आज सुबह द्वतीय पड़ाव कोरौना से हरैया दिनांक 22 फरवरी 2023 दिन बुधवार को पहुंचेगा। जिसमें रामगढ़ के ग्रामीणों ने मार्ग की साफ सफाई की समुचित व्यवस्था की जिसमें लाखों श्रद्धालु परिक्रमा में भाग लेंगे तथा मध्य प्रदेश बिहार उत्तराखंड आदि देश–विदेश के यात्री





भाग लेंगे। रामादल के नाम से पुकारे जाने वाले परिक्रमार्थी नैमिषारण्य से चलकर सभी परिक्रमार्थी प्रथम पड़ाव कोरौना आएंगे जिसमें रामादल नैमिषारण्य से कोरौना मार्ग पर कुनेरा तीर्थ में रामादाल स्नान करके। राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली गली, सभी भक्त गाते हुए द्वितीय पड़ाव कोरोना से हरैया के लिए प्रस्थान करेगा जहां पर द्वारिकाधीश मंदिर, बाराह कूप, अरुंधति कूप आदि स्थानों पर द्वतीय पड़ाव में रामादल दर्शन करेगा जहां जिला पंचायत श्रद्धा सागर के द्वारा परिक्रमार्थियों के लिए पंडाल व लाइट आदि की व्यवस्था की गई है ताकि रामादल को रात्रि विश्राम में दिक्कतों का सामना न करना पड़े परिक्रमा मेला प्रथम पडाव कोरौना मे प्रशासन के द्वारा मौसम के अनुसार साधु संतो के रहने बैठने की व्यवस्था काफी मात्रा मे की गई जैसे की बिजली पानी शौचालय व पुलिस प्रसाशन आदि की काफी मात्रा मे व्यवस्था की गई है।

## 21 विभूतियों का हुआ पूर्वांचल रत्न अलंकरण से सम्मान

**■ उत्तर प्रदेश पत्रकार परिषद का 17वाँ वार्षिक समारोह धूमधाम से सम्पन्न**

दैनिक बुद्ध का संदेश

वाराणसी। आराजी लाइन ब्लॉक अंतर्गत राजातालाब स्थित केपीएस वाटिका में उत्तर प्रदेश पत्रकार परिषद का 17 वॉ वार्षिक समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व पूर्वांचल रत्न अलंकरण तथा हिंदी समाचार पत्र द ट्रू मिरर की ओर से बनारस गौरव अवार्ड से समाज मे अपने–अपने क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने 21 विभूतियों को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष वाराणसी पूनम मौर्या विशिष्ट अतिथि पूर्व लोकसभा प्रत्याशी वाराणसी शालिनी यादव व वरिष्ठ भाजपा नेता व वाराणसी विकास प्राधिकरण सदस्य अम्बरीष सिंह भोला ने दीपप्रज्वलन के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार कालीशंकर उपाध्याय ने किया। अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष राजेश मिश्रा व प्रदेश संगठन मंत्री आशीष मोदनवाल ने बुके, अंगवस्त्रम,स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र देकर किया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत लोकप्रिय भजन गायक सर्वेश लाल यादव व चंद्रमोहन मस्ताना ने सरस्वती व गणेश वंदना से की। इसके बाद भजन गायिका छाया मिश्रा ने एक से बढ़कर एक भजनों से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्धा कर दिया। मुख्य अतिथि पूनम मौर्या ने कहा कि आज पत्रकारों को निष्पक्ष व स्वतंत्र होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। इसके बाद समाज में अनुकरणीय योगदान देने वाले विभूतियों को पूर्वांचल रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया जिनमे प्रमुख रूप से डॉ सी.एस. वर्मा, डॉ आशीष गुप्ता, अमित पांडये,आशीष सिंह, महेंद्र सिंह पटेल, रिंकू सिंह, विमल कुमार सिंह, रामबाबू केशरी, अजीत पांडये बाबुल, रंजीत सिंह राजपाल, प्रकाश श्रीवास्तव–गणेश, पूनम मिश्रा,डॉ सुभाष चंद्र, मनोज कुमार मिश्र, शुभम शर्मा, शुभम पटेल, अखिलेश मौर्य, पवन वर्मा, अंशु मोदनवाल,रविंद्र यादव, अनिल सोनकर प्रीति मोदनवाल, नूतन सिंह, प्रमुख रूप से रहे।कार्यक्रम का संचालन नीरज गुप्ता तथा अंत मे धन्यवाद आशीष मोदनवाल ने किया।

# प्रयागराज जोन की अध्यक्ष मा0 अजय राय पर दर्ज मुकदमा पूर्ण–तरीके से असंवैधानिक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। नवनिर्वाचित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्यध्जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट ऑफिस पर प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम से, द्वारा जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया गया, ज्ञापन लेने कर लिए जिला प्रशासनिक अधिकारी ओमकार नाथ यादव आये जिसमें जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ ने कहा कि विगत दिनों प्रयागराज के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षध सांसद माननीय राहुल गांधी का विमान वाराणसी हवाई अड्डे पर निरस्त कर दिया गया। शासन के दबाव में एयरपोर्ट निदेशक की तहरीर पर प्रयागराज प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय की के ऊपर फर्जी मुकदमो में कराया गया। जो एक राजनीति से अभीप्रेरित है। इस संदर्भ को लेकर महामहिम राज्यपाल महोदय से निवेदन किया गया कि तत्काल प्रभाव से इसे खत्म कर दिया जाए। कार्यकारी अध्यक्ष व शहर अध्यक्ष फरीद खान व राजू त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार फर्जी मुकदमे करा कर लोगों की आवाज दबाना चाहती है जो ठीक नहीं है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे (आशु) ने कहा कि लोकतंत्र के अंदर हर व्यक्ति का अधिकार है कि अपनी बात कर सके लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था को ही धीरे–धीरे समाप्त किया जा रहा है जो किसी के लिए ठीक नहीं है। मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में जिला उपाध्यक्षध्पीसीसी जितेंद्र पासवान, जिला महासचिवध्पीसीसी राजबली पांडे, पूर्व– कार्यकारी अध्यक्षध्पीसीसी नामवर कुशवाहा, जिला सचिव बाबूलाल पनिका, ब्लॉक अध्यक्ष घोरावल लल्लूराम पांडे, आशीष सिंह, शीतला सिंह पटेल,मोहन बियार, सुजीत मिश्रा, सुमित पाल, दुर्गेश पाल, प्रदीप पटेल, राणा सर्वेन्द्र राव अंबेडकर, तीरथ गोड़, बाबुलाल भारती, मंगल पॉल उपस्थित रहे।



## नगर आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

अयोध्या। रामलला के भव्य मन्दिर निर्माण होने के साथ ही रामनगरी में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसके मद्देनजर श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाओं को प्रदान करने का उत्तरदायित्व बढ़ गया है। इसीलिए नगर निगम अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करा रहा है। मठ–मंदिरों की साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उक्त बातें नगर आयुक्त विशाल सिंह ने रामनगरी की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के दौरान कहीं। उन्होंने मठ–मन्दिरों व घाटों पर उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को जन सुविधाओं में विशेष सफाई व्यवस्था व प्रमुख मार्गों पर ससमय कूड़ा उठान कराये जाने व पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाओं के साथ उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था के लिए पूर्ण रूपेण प्रतिबद्ध है।उन्होंने बताया कि सफाई व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए आधुनिक उपकरणों के माध्यम से घाटों एवं मठ–मन्दिरों के आस– पास सफाई का कार्य नियमित रूप से कराया जा रहा है।

## अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क में मंगलवार परेड

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। की ली गयी सलामी व परेड का किया गया निरीक्षण



तत्पश्चात सभी शाखाओं का मुआयना कर दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश–। सोनभद्र अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह द्वारा पुलिस सोनभद्र लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई गयी, परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई गयी तत्पश्चात पुलिस लाइन का भ्रमण कर आर्मरी, क्वार्टर गार्द, स्टोर रुम, अर्दली–कक्ष का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गये। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

# सोनभद्र महिला पतंजलि योग समिति की बहनों को दी गई अहम जिम्मेवारी



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। साध्वी देव पवित्राराबर्ट्सगंज के मारवाडी धर्मशाला में किया गया साध्वी बहनों का स्वागत सोनभद्र। श्रद्धेय स्वामी रामदेव की परम शिष्याएं एवं सन्यासी बहनें साध्वी देव पवित्रा एवं साध्वी देव पूर्णिया जी पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से योग को घर–घर पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर पिछले 3 महीने से उत्तर प्रदेश के भ्रमण पर निकली हैं। इसी परिप्रेक्ष में मंगलवार को सोनभद्र की धरा पर राज्य प्रभारी शशि आर्या जी के साथ आगमन हुआ। राबर्ट्सगंज के मारवाडी धर्मशाला में उनका स्वागत गर्मजोशी के साथ जिला प्रभारी उषा कोमलन एवं अनीता गुप्ता द्वारा किया गया। जिले में फिर से समिति का गठन किया गया जिसमें स्वामी जी के आदेश से सोनभद्र के क्षेत्र को देखते हुए बहनों के कार्य को आसान करने के लिए दक्षिणांञ्ल व उत्तरांचल दो हिस्सों में विभाजित कर दिया गया।दक्षिणांञ्चल का दायित्व ममता श्रीवास्तव को दिया गया तथा उत्तरांचल का दायित्व अनीता गुप्ता को दिया गया। इसके अतिरिक्त और भी जिले के पदों पर परिवर्तन किए गए हैं। तहसीलों में भी परिवर्तन किया गया है।इस अवसर पर पतंजलि परिवार से भाइयों ने पुरे तन मन से सहयोग किया।इस अवसर पर पतंजलि तहसील प्रभारी प्रतिभा सोनी घोरावल तहसील की प्रभारी अर्चना जैसवाल जिला संगठन मंत्री ममता श्रीवास्तव, सोशल मिडिया प्रभारी पल्लवी कुमारी तहसील संगठन मंत्री ममता गुप्ता बीना गुप्ता उषा द्विवेदी ,अनीता गुप्ता सरोज द्विवेदी, भाइयों में पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि त्रिपाठी जिला संगठन मंत्री सुनील कुमार चौबे संरक्षक सुनील श्रीवास्तव तथा अनेक भाई व बहन उपस्थित रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# गुलाब के डंठल से स्वास्थ्य को मिल सकते हैं ये 5 प्रमुख लाभ



अमूमन लोग गुलाब की पंखुडियों का इस्तेमाल करके इसके डंठल को फेंक देते हैं, लेकिन यह फूल का एक गुणकारी हिस्सा है। गुलाब का डंठल एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन– सी, फिनोल, लाइकोपीन और एलेगिक एसिड से भरपूर होता है। अगर आप इसे किसी भी तरह से अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं तो यह कई तरह के स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकता है। आइए आज गुलाब के डंठल के पांच प्रमुख फायदे जानते हैं।

कैंसर से सुरक्षित रखने में है सहायक

विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, गुलाब के डंठल का अर्क स्तन कैंसर की कोशिकाओं के विकास पर रोक लगा सकता है। डंठल से निकालने की उच्चतम सांद्रता स्तन कैंसर कोशिकाओं के विकास को 45 प्रतिशत तक कम कर देती है। इसके अतिरिक्त, यह मस्तिष्क कैंसर को रोकने में भी सहायक है। एक अन्य अध्ययन के मुताबिक, गुलाब के डंठल में मौजूद फाइटोकेमिकल्स मानव शरीर को कई अन्य कैंसर से बचाने में भी सहायक है।

हृदय को स्वस्थ रखने में मददगार

कई विटामिन्स, फाइटोकेमिकल्स और खनिजों से भरपूर गुलाब के डंठल का सेवन हृदय स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद एंथोसायनिन हृदय रोग से सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है। इसी तरह इसमें मौजूद कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल की ऑक्सीकरण प्रक्रिया को भी 50 प्रतिशत तक कम कर सकते हैं। एक अध्ययन के अनुसार, एंथोसायनिन अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने और खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में भी मदद कर सकता है।

अर्थराइटिस का जोखिम कर सकता है कम

एक अध्ययन के मुताबिक, गुलाब के डंठल के पाउडर ने लगभग 300 ऑस्टियोआर्थराइटिस रोगियों के कूल्हों, जोड़ों और घुटनों में लगभग एक तिहाई दर्द कम किया। इसका कारण है कि इसमें फैटी एसिड जीओपीओ होता है, जो एंटी–अर्थराइटिस गुण की तरह काम अर्थराइटिस के जोखिम कम करने में मदद कर सकता है। अगर आपको रूमेटाइड अर्थराइटिस है तो भी यह आपके लिए सुरक्षित और फायदेमंद है।

पाचन क्रिया को मजबूत बनाने में प्रभावी

गुलाब का डंठल पाचन क्रिया को मजबूत बनाने में भी सहायक है। कई अध्ययनों के मुताबिक, यह पाचन क्रिया से जुड़ी समस्याओं जैसे, गैस, सूजन, कब्ज और अपच आदि का इलाज करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा यह मतली और पेट की ऐंठन से भी राहत प्रदान कर सकता है। इसमें मौजूद एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–फंगल और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण पेट के अल्सर के इलाज में भी मददगार हैं।

मधुमेह को नियंत्रित करने में है कारगर

गुलाब के डंठल में मौजूद एंटी–डायबिटीक गुण इसे मधुमेह रोगियों को अपनी डाइट में शामिल करने के लिए उपयुक्त बनाता है। इसमें सैपोनिन, टैनिन, फ्लेवोनोइड्स और अल्कलॉइड समेत फाइटोकेमिकल्स की अधिक मात्रा होती है, जो ब्लड शुगर को कम करके मधुमेह को नियंत्रित रखने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह टाइप 2 मधुमेह का जोखिम कम करने में भी सहायक है। ऐसे में इसका इस्तेमाल आपको कई बीमारियों से दूर रख सकता है।

## क्रॉप टॉप में अवनीत कौर की खूबसूरती देखकर फैंस हुए बेताब, तस्वीरों पर यूजर्स लुटा रहे प्यार

टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। वहीं, उनकी अब तक सबसे हॉट तस्वीरें इंटरनेट पर जलवा



बिखेर रही हैं। डीपनेक आउटफिट में एक्ट्रेस गजब की बला नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर स्काई ब्लू कलर के क्रॉप टॉप में नजर आ रही हैं। साथ ही डेनिम जींस को पहन रखा है। शोख अदाओं के साथ एक्ट्रेस अवनीत कौर अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस के दिलों पर कहर बरपा रहे हैं। अवनीत कौर बेहद ही सिजलिंग नजर आ रही हैं, उनकी कातिलाना तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर हर लुक में अपनी बोल्डनेस का जलवा बिखेरती रहती हैं, उनकी तस्वीरें फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराती हैं। अवनीत कौर जल्द ही लीजेंड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म श्टीकू वेड्स शेरू्य फिल्म में दिखाई देंगी। एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस के इंस्टा पर 32.8 मिलियन फॉलोवर्स हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए लगातार वीडियो या फोटो शेयर करती रहती हैं। अवनीत जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टा पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक करते हैं। साथ ही कॉमेंट्स के साथ रिएक्शंस भी देते हैं। अवनीत कौर सोशल मीडिया पर निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं।






# प्रियंका चोपड़ा की लव अगेन भारत में भी होगी रिलीज



प्रियंका चोपड़ा ने ना सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी सफलता का परचम लहराया है। जल्द ही वह कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। हॉलीवुड फिल्म लव अगेन उन्हीं में शुमार है। यह वही फिल्म है, जिसका नाम पहले टेक्स्ट फॉर यू रखा गया था। हाल ही में उनकी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ और अब खबर है कि यह फिल्म भारत में भी रिलीज होगी।

फिल्म समीक्षक तरण आदर्श ने ट्विटर पर लव अगेन का पोस्टर साझा कर यह ऐलान किया। उन्होंने लिखा, प्रियंका की अगली हॉलीवुड फिल्म लव अगेन भारत में रिलीज होने वाली है। यह इस साल 12 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। पोस्टर में प्रियंका के साथ फिल्म के हीरो सैम ह्यूगन दिख रहे हैं। फिल्म में कनाडाई गायिका सेलिन डियोन के अलावा प्रियंका के पति निक जोनस भी हैं।

इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत सैम के किरदार रॉब से होती है, जो ब्रेकअप के गम से निकलने के लिए एक महिला की मदद लेता है, वहीं प्रियंका उर्फ मीरा भी अपने बॉयफ्रेंड के निधन के बाद जिंदगी में आगे बढने के लिए संघर्ष कर रही है। वह लगातार रॉब उर्फ सैम को यह सोचकर मैसेज करती है कि वो उसका पुराना नंबर है। रॉब, मीरा की ईमानदारी से प्रभावित होकर उसके प्यार में पड़ जाता है।

प्रियंका ने बीते दिन इंस्टाग्राम पर बताया कि लव अगेन का ट्रेलर आने वाला है, तभी से जिम स्ट्रॉस के निर्देशन में बनी उनकी इस फिल्म को लेकर प्रशंसक उतावले हो गए थे। फिल्म से जुड़े कलाकारों से तो सभी वाकिफ थे, लेकिन यह जानकारी किसी को नहीं थी कि इसमें प्रियंका के पति निक भी हैं। ट्रेलर में उन्हीं का सरप्राइज मिला है, जिन्हें देख लोग गदगद हो गए हैं। हालांकि, फिल्म में निक मेहमान भूमिका में हैं। प्रियंका अपनी पहली वेब सीरीज सिटाडेल को लेकर भी सुर्खियों में हैं। एवेंजर्स एंडगेम के रूसो ब्रदर्स इसे बना रहे हैं। उनकी यह एक्शन पैक्ड सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर आने वाली है, लेकिन इसकी रिलीज डेट अभी तय नहीं हुई है। प्रियंका हॉलीवुड एक्शन फिल्म एंडिंग थिंग्स का भी हिस्सा हैं। खास बात यह है कि इसमें वह मार्वल सीरीज फेम स्टार एंथोनी मैकी के साथ नजर आएंगी। प्रियंका पिछली बार हॉलीवुड फिल्म द मैट्रिक्स रीसरेक्शंस में दिखी थीं।

## इन कार के पोस्टर में बंदूक की नोक पर ऋतिका सिंह

आगामी थ्रिलर फिल्म इन कार के निमार्ताओं ने गुरुवार को फिल्म के पहले पोस्टर का अनावरण किया। फिल्म, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री ऋतिका सिंह हैं, सच्ची घटनाओं पर आधारित है और यह एक कॉलेज गर्ल की जीवन यात्रा को दिखाती है कि कैसे और किन परिस्थितियों में वो जिंदा रहने के लिए संघर्ष करती है। दिलचस्प पोस्टर में ऋतिका सिंह, मनीष झांझोलिया, संदीप गोयत, सुनील सोनी और ज्ञान प्रकाश हैं। ऋतिका को एक कार के अंदर बैठे दिखाया गया है जिसमें उसके चेहरे पर चोट के निशान हैं। उसे बंदूक की नोक पर पकड़ कर रखा गया है। 2013 में अपने अभिनय करियर की शुरूआत करने वाली ऋ तिका को निर्देशक सुधा कोंगारा प्रसाद ने सुपर फाइट लीग के एक विज्ञापन में देखा था। अभिनेत्री ने बाद में द्विभाषी फिल्म साला खडूस में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए ऑडिशन दिया, जिसमें आर. माधवन भी थे। राज कुंद्रा के माध्यम से निमार्ताओं ने उनसे संपर्क किया और फिर फिल्म में उन्हें कास्ट किया। इन कार का निर्देशन और लेखन हर्षवर्धन ने किया है। इनबॉक्स पिक्च र्स द्वारा प्रस्तुत और अंजुम कुरैशी और साजिद कुरैशी द्वारा निर्मित, यह फिल्म 3 मार्च, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।




# रूमेटाइड अर्थराइटिस: जानिए इस रोग के कारण, लक्षण और बचाव के उपाय



रूमेटाइड अर्थराइटिस एक ऑटोइम्यून बीमारी है। इससे ग्रस्त व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगती है और शरीर के जोड़ वाले हिस्सों में सूजन के साथ तेज दर्द शुरू हो जाता है। ऐसे में समय रहते इस बीमारी का उपचार जरूरी है, लेकिन इससे जुड़ी पूरी जानकारी के बिना यह संभव नहीं है। आइए आज रूमेटाइड अर्थराइटिस होने के कारण, लक्षण और इलाज के बारे में जानते हैं।

क्या है रूमेटाइड अर्थराइटिस के कारण?

रूमेटाइड अर्थराइटिस शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता के स्वस्थ शरीर के ऊतकों पर हमला करने का परिणाम है। इसी तरह आनुवांशिकता और धूम्रपान भी इस बीमारी का जोखिम बढ़ा सकते हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग सिगरेट पीते हैं उनमें रूमेटाइड अर्थराइटिस विकसित होने का खतरा बहुत अधिक बढ़ जाता है। इसी तरह मोटापा और गलत आहार के कारण भी रूमेटाइड अर्थराइटिस की चपेट में आने की आशंका बढ़ जाती है।

क्या है रूमेटाइड अर्थराइटिस से जुड़े लक्षण?

रूमेटाइड अर्थराइटिस के लक्षण आमतौर पर हाथों, कलाई और घुटनों के जोड़ों को प्रभावित करते हैं, लेकिन फेफड़े, हृदय, आंखों सहित पूरे शरीर के ऊतकों और अंगों पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। जोड़ो में दर्द, अकडन, सूजन, थकान, भूख में कमी, कमजोरी इस बीमारी के मुख्य लक्षण हैं। लक्षण हल्के से गंभीर तक भिन्न हो सकते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने लक्षणों को नजरअंदाज न करें।

रूमेटाइड अर्थराइटिस का पता लगाने के तरीके

अगर किसी व्यक्ति को रूमेटाइड अर्थराइटिस के लक्षण नजर आते हैं तो उसे तत्काल डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। इससे वह कुछ जांच कराकर बता सकते हैं कि आपको यह बीमारी है या नहीं। इसके लिए डॉक्टर उसे एक्स–रे और एमआरआई स्कैन कराने को कह सकता है। अगर डॉक्टर को व्यक्ति में रूमेटाइड अर्थराइटिस होने की संभावना दिखाई देती है तो वह उसे ईएसआर टेस्ट, सीआरपी टेस्ट और एंटी– सीसीपी टेस्ट कराने की भी सलाह दे सकता है।

क्या है रूमेटाइड अर्थराइटिस का इलाज?

रूमेटाइड अर्थराइटिस का इलाज दो तरह (दवा और सर्जरी) से किया जा सकता है। दवारू दर्द और सूजन को कम करने, जोड़ों की प्रक्रिया में सुधार करने और जोड़ों के खराब होने के जोखिम को दूर करने के लिए डॉक्टर कुछ खास दवाएं दे सकते हैं। सर्जरीरू अगर समस्या गंभीर हो जाती है तो डॉक्टर सर्जरी कराने की भी सलाह दे सकते हैं। इसमें जॉइंट रिप्लेसमेंट आदि प्रक्रिया को अपनाया जा सकता है।